इंदौर, गुरुवार 22 जनवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 75
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

राऊ विधानसभा के बीएलओ ने दिया ज्ञापन



पेज-2

क्राइम थ्रिलर 'दलदल' का रोमांचक ट्रेलर रिलीज



पेज-5

सीएम मोहन यादव का अहम फैसला



पेज-6

### कुछ खास वर्गों को खुश करने कांग्रेस नेता उगल रहे जहर

# एसआईआर और अनर्गल बयानबाजी से 150 सीटों पर गड़बड़ाएगा गणित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मप्र में सत्ता से बाहर चल रही कांग्रेस का दावा है कि 2028 के विधानसभा चुनाव के लिए वह ऐसी रणनीति पर काम कर रही है, जिससे वह भाजपा को मात देकर सरकार बनाएगी। लेकिन पार्टी नेताओं की बयानबाजी देखकर साफ लग रहा है कि कुछ खास वर्गों का खुश करने के लिए कांग्रेस नेता जहर उगल रहे हैं। जिसे देखकर कहा जा रहा है कि प्रदेश में एससी के लिए 35 और एसटी के लिए 47 आरक्षित सीटों के चक्कर में पार्टी के नेता भटक गए हैं। यानी 82 सीटों के चक्कर में कांग्रेस का 150 सीटों पर गणित गड़बड़ा रहा है।

गौरतलब है कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन सृजन में जुटी हुई है। लेकिन नेताओं की बयानबाजी और करतूतों के कारण कांग्रेस विसर्जन की ओर बढ रही है। यानी प्रदेश कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी नेताओं की पिछली कुछ गतिविधियां बता रही हैं कि कांग्रेस वर्ग संघर्ष की ओर तेजी से बढ़ रही है। पार्टी के ही नेता सवर्णों को बुरा-भला बोल रहे हैं और नेतृत्व मौन है। बाहरी लोगों द्वारा सवर्णों के खिलाफ दिए गए अनर्गल बयानों पर भी पार्टी की चुप्पी है। नेता किन कार्यक्रमों में शामिल होंगे और विभिन्न मुद्दों पर उनके बयानों की दिशा क्या होगी, इस पर पार्टी नेतृत्व का कोई नियंत्रण नहीं है।



### विसर्जन की ओर कांग्रेस

प्रदेश में एससी के लिए 35 और एसटी के लिए 47 सीटें आरक्षित होने के चलते कांग्रेस और भाजपा दोनों इन्हें लुभाने में जुटी हैं। लेकिन कुछ खास वर्गों के लिए कांग्रेस नेताओं ने अन्य के खिलाफ जो जहर उगला है, उससे पार्टी संगठन सृजन की बजाय संगठन विसर्जन की ओर बढ़ती नजर आ रही है। 26 दिसंबर को कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में हुई कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, दिग्विजय सिंह, प्रदेशाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष आदि की मौजूदगी में विधायक फूलसिंह बरैया ने दलितों की पैरवी कर सवर्णों के खिलाफ जमकर जहर उगला लेकिन सभी नेता सुनते रहे किसी न उन्हें टोका तक नहीं। वहीं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में कुछ समय बाद ही दलित एजेंडा-2 बनाने के लिए बैठक शुरू हुई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार नहीं पहुंचे। इस दौरान भी विधायक बरैया ने सवर्णों के खिलाफ बोला।

### महिलाओं पर अनर्गल बयान से बिगड़ा माहौल

गतदिनों विधायक फूल सिंह बरैया ने सवर्णों पर दलित और आदिवासी महिलाओं के साथ रेप करने जैसी अनर्गल बातें कहीं, बाद में विवाद बढ़ने पर उन्होंने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि उन्होंने एक किताब में यह बातें पढ़ी थी, यह उनके विचार नहीं हैं। बरैया के खिलाफ कार्रवाई की मांग ने जोर पकड़ा तो पार्टी नेतृत्व ने स्पष्टीकरण मांगा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इसी बीच दिग्विजय सिंह बचाव में आए और कहा कि बरैया का इसमें कोई दोष नहीं है, कार्रवाई ऐसी बातें अपनी पुस्तक में लिखने वाले लेखक के खिलाफ होना चाहिए। राजधानी में अपाक्स के सम्मेलन में 18 जनवरी को पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने कथावाचकों और सवर्ण समाज के खिलाफ जमकर जहर उगला, उसमें महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल मौजूद थीं। आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण बेटियों के संबंध में दिए गए अनर्गल बयान के खिलाफ जब पूरे प्रदेश में प्रदर्शन हो रहे थे तब भी पार्टी मौन रही।

# सांसदों के परफॉर्मेंस पर भाजपा हाईकमान नाराज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर भाजपा हाईकमान ने सांसदों के परफॉर्मेंस पर नाराजगी जताई है। पार्टी अब सभी सांसदों के कामकाज की मॉनिटरिंग करेगा। खासतौर पर जिनके क्षेत्र में परफॉर्मेंस कमजोर रहा है। हाल ही में संपन्न उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और अलका गुर्जर ने तो तल्ख शब्दों में यहां तक कह दिया कि लगता है एसआईआर की प्रक्रिया से सांसदों को कोई लेना-देना ही नहीं। यह केवल मंत्री विधायकों की जवाबदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी के कामकाज की समीक्षा होगी।

संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में प्रभारी डॉ. सिंह व अलका गुर्जर के अलावा सीएम डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी मौजूद थे। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह ने सांसदों के रवैए को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि 'दिशा' सहित जिला स्तर की अन्य बैठकों में उनकी सक्रियता दिख रही है लेकिन संगठन के निर्देशों के बावजूद इतने महत्वपूर्ण अभियान की अनदेखी हो रही है। जिन क्षेत्रों में पार्टी से संबद्ध लोगों के नाम कट गए हैं उनके नाम



जुड़वाने को लेकर अपेक्षित गंभीरता दिखाने को कहा गया है।

**अध्यक्ष भी कर रहे मॉनिटरिंग**-भाजपा ने सभी मंत्री-विधायकों को संभाग और जिलों की जवाबदारी सौंपी है। भोपाल और नर्मदापुरम संभाग की मॉनिटरिंग स्वयं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल कर रहे हैं। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल - रीवा, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के पास शहडोल और उज्जैन क्षेत्र की जवाबदारी है। वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल को क्रमशः इंदौर और सागर की मॉनिटरिंग करने को कहा गया है।

**बूथ स्तर तक रहें सक्रिय**-संगठन ने सभी सांसदों को निर्देश दिए हैं कि एसआईआर के कामकाज को लेकर बूथ स्तर पर सक्रियता बनाए रखें। बूथ एजेंट्स से निरंतर संपर्क कर नामों का सत्यापन कर सूचियां अपडेट कराएं। मंत्री-विधायकों को भी कहा गया है कि ऐसे लोग जो दूसरे क्षेत्रों में रहने लगे हैं, दिवंगत मतदाता, अनुपस्थित और स्थानांतरित हुए लोगों के सत्यापन कर सूचियां अपडेट कराएं।

## न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली : एमसीडी को मिला नया आयुक्त, संजीव खिरवार की नियुक्ति को गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी
- मणिपुर में फिर हिंसा, चुराचांदपुर में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक नागरिकों को मारी गोली
- अहमदाबाद के चांदखेड़ा में फ्लिपकार्ट के हब में लगी भीषण आग, लाखों का माल जला
- दावोस में मध्य प्रदेश सरकार ने डीपी वर्ल्ड के साथ साइन किया एमओयू
- कोलकाता : आज ईडन गार्डन का दौरा करेगी आईसीसी की टीम, सुरक्षा व्यवस्था का लेगी जायजा
- अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस का मिनीपोलिस दौरा आज
- 'ग्रीनलैंड पर डील का फ्रेमवर्क तैयार, यूरोपीय देशों पर टैरिफ नहीं लगाएंगे', ट्रंप का ऐलान
- ईरान ने जारी किया सरकारी आंकड़ा, प्रोटेस्ट में 3,117 लोग मारे गए
- नोएडा इंजीनियर मौत मामले में दोनों बिल्डरों के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज
- पंजाब समेत कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

## 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में कानून की रखवाली करने वाली वर्दी पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ब्राउन शुगर के आरोप में पकड़े गए गंभीर रूप से बीमार युवक की जिला जेल में मौत के बाद सामने आए आरोपों ने पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया, गिरफ्तारी की वैधता को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

पीड़ित परिवार का दावा है कि युवक को बिना एफआईआर घर से उठाया गया, अवैध वसूली की गई और बाद में झूठे एनडीपीएस केस में फंसाया गया। जब पुलिस स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला न्यायालय ने एमआईजी थाने के 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# आज उठेगा मुंबई के नए किंग से पर्दा!

### बीएमसी मेयर का आज होगा ऐलान, लॉटरी से चमकेगी किस्मत

**मुंबई (एजेंसी)** • महाराष्ट्र की राजनीति में विधानसभा चुनावों के बाद अब सबसे बड़ा घमासान नगर पालिकाओं के 'सिंहासन' को लेकर शुरू हो गया है। मुंबई की आर्थिक शक्ति बीएमसी सहित राज्य की 29 महानगरपालिकाओं में अब मेयर (महापौर) के चुनाव की बारी है। सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि किस शहर की कमान किसी महिला के हाथ में होगी और कहां ओबीसी, अनुसूचित जाति या सामान्य वर्ग का दबदबा रहेगा। आज महाराष्ट्र के शहरी विकास विभाग में होने वाली 'लॉटरी' इस सस्पेंस से पर्दा उठा देगी। यह केवल एक






प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि कई दिग्गज नेताओं के राजनीतिक भविष्य का फैसला है, क्योंकि आरक्षण का फॉर्मूला तय होते ही कई दावेदारों के सपने पल भर में टूट सकते हैं। महाराष्ट्र के शहरी विकास विभाग का जिम्मा खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास है। विभाग की राज्य मंत्री माधुरी मिसल की अध्यक्षता में आज सुबह से आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया शुरू होगी। इस 'लॉटरी सिस्टम' के जरिए ही यह तय किया जाएगा कि मुंबई सहित 29 शहरों के मेयर पद के लिए कौन सा वर्ग पात्र होगा। इसमें सामान्य वर्ग, ओबीसी, अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा। यह फॉर्मूला पूरी तरह रोटेशन आधारित होता है, जिसका मतलब है कि पिछली बार जो पद जिस वर्ग के लिए आरक्षित था, उसे इस बार बदला जाएगा। मुंबई की बीएमसी में रोटेशन का गणित काफी दिलचस्प होने वाला है। पिछली बार बीएमसी मेयर का पद सामान्य वर्ग के लिए खुला था, जिसमें शिवसेना की किशोरी पेडनेकर मेयर बनी थीं। नियमों के अनुसार, इस बार सामान्य वर्ग को लॉटरी की दौड़ से बाहर रखा जा सकता है, जिससे ओबीसी या अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए रास्ता खुल सकता है।

## 25 जनवरी से पारा 2-3 डिग्री लुढ़केगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में मावठा गिरने और कोहरा छाने के बाद तेज सर्दी पड़ेगी। आज ग्वालियर-दतिया समेत 5 जिलों में मध्यम कोहरा रहा, जबकि शुक्रवार को उत्तरी हिस्से में बारिश भी होगी। वहीं, 25 जनवरी से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी। बता दें कि पश्चिम-उत्तर भारत और यूपी के ऊपर दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) एक्टिव है। एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर भी है। ये सिस्टम आगे बढ़ रहे हैं। इस वजह से उत्तरप्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में मौसम बदला है।

# भीख मांगना मजबूरी नहीं, कमाई का जरिया बनी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • प्रदेश की वाणिज्यिक राजधानी के साथ ही सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में भीख मांगना अब मजबूरी नहीं, बल्कि कमाई का जरिया बन चुका है। हाल ही में सामने आए करोड़पति भिखारी मांगीलाल से पहले भी कुछ धनवान भिक्षुक सामने आ चुके हैं। बीते दो साल से जारी भिक्षुक मुक्त अभियान के दौरान कई ऐसे भिखारी सामने आए, जिनकी संपत्ति आम नौकरीपेशा लोगों से कई गुना अधिक थी। भिक्षावृत्ति में यह लोगे हजारों रुपये कमाई कर रहे थे। पिछले दिनों सराफा क्षेत्र से रेस्क्यू किए गए मांगीलाल ने सभी को चौंका दिया है। मांगीलाल मकान, आटो और कार का मालिक होने के साथ ही ब्याज पर रुपये चलाता था।

### छह हफ्तों में ढाई लाख की कमाई

वर्ष 2024 की शुरुआत में लवकुश चौराहे से रेस्क्यू की गई इंद्रा बाई का मामला सबसे ज्यादा चौंकाने वाला मिला था। जांच में सामने आया कि उसने महज छह हफ्तों में करीब 2.5 लाख रुपये जुटा लिए थे। श्रीमहाकाल महालोक बनने के बाद उज्जैन जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने का फायदा उठाते हुए इंद्रा बाई ने अपने पांच बच्चों को भी चौराहे पर बैठा दिया था। इंद्रा बाई के पास राजस्थान के कोटा के पास दो मंजिला मकान, कृषि भूमि है। वह हजारों रुपये का स्मार्टफोन इस्तेमाल करती थी।

**मंदिरों के बाहर हजारों की कमाई** : अभियान के दौरान धार्मिक स्थलों पर भी इसी तरह की तस्वीर सामने आई थी। दिसंबर 2024 में शनि मंदिर के बाहर रेस्क्यू की गई 60 वर्षीय शकुंतला बाई के पास से करीब 75 हजार रुपये नकद मिले थे। उसने यह रकम उसने एक सप्ताह में जुटाई। इसी तरह बड़ा गणपति मंदिर से रेस्क्यू की गई कलाबाई के पास एयरपोर्ट के पास मकान, व्यास नगर में प्लाट और उज्जैन में जमीन मिली थी।

# रुपया रिकार्ड स्तर पर गिरा, महंगाई बढ़ने की आशंका!

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • रुपया 91 रुपए 73 पैसे के ऑल टाइम लो पर आ गया है। कल रुपया 76 पैसे कमजोर होकर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक स्तर पर बढ़ते व्यापारिक तनाव की वजह से रुपया में यह गिरावट देखी जा रही है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। अब महज 21 दिनों के भीतर यह 91 के स्तर को पार करके 92 रुपए के करीब पहुंच गया है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई टैरिफ नीतियों और ग्लोबल टेंशन के चलते दुनिया भर के निवेशक गोल्ड और डॉलर में निवेश बढ़ा रहे हैं। रुपए में गिरावट से इम्पोर्ट करना महंगा होगा रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इम्पोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है।

**तल्ख अंदाज**

### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस की समीक्षा में बिफरे मुख्य सचिव

# किसके यहां क्या पक रहा, सब जानकारी में हैं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कई जिलों में कलेक्टरों के खिलाफ मिल रही शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताई है। कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस की दूसरी समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई यह न समझे कि सब कुछ छिपा रहता है। किसके यहां क्या पक रहा है? इसकी पूरी जानकारी रहती है।

उन्होंने अफसरों को करप्शन से दूर रहकर सरकार की प्राथमिकताओं और जनता के हित में काम करने की चेतावनी दी। सीएस ने बताया कि कुछ जिलों की शिकायतें उनके और मुख्यमंत्री तक पहुंची हैं, इसलिए समय रहते सुधार कर लें।



**राजस्व विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी**-सीएस जैन ने राजस्व विभाग की कार्यशैली पर असंतोष जताया। आरसीएमएस मामलों के निराकरण में देरी पर उन्होंने कहा कि कलेक्टरों का कंट्रोल नहीं दिख रहा। कई मामलों में निराकरण के बाद केस दर्ज किए जा रहे हैं, जिससे सिस्टम की समीक्षा बेमानी हो जाती है। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि एक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अपनी आईटी कंपनी को काम देने के लिए मामला रोके हुए हैं, जबकि सॉफ्टवेयर तैयार है। सीएस पहले ही तीन बार नया सिस्टम लागू करने के निर्देश दे चुके हैं।

**बैठक के दौरान फोन इस्तेमाल कर रहे थे बैतूल कलेक्टर**-बैठक के दौरान बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी के मोबाइल इस्तेमाल करने पर सीएस ने नाराजगी जताई। साथ ही मनरेगा की प्रगति पर भी असंतोष सामने आया। समीक्षा में यह तथ्य भी सामने आया कि जहां प्रगति शून्य है, वहां सीईओ के पद रिक्त हैं।

**चार बार बदली तारीख, तब हुई बैठक**-कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस की समीक्षा बैठक की तारीखें कई बार बदलीं। पहले 31 दिसंबर, फिर 5 जनवरी और उसके बाद 15 जनवरी तय हुई, लेकिन प्रशासनिक कारणों से बैठक नहीं हो सकी। चौथी बार तय तारीख पर बुधवार को यह समीक्षा बैठक हो पाई।

### निगम ग्रीन बांड पर 9.25 प्रतिशत से दे रहा ब्याज, करोड़ों का नुकसान

# परियोजना में करोड़ों खर्च, नतीजा शून्य

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में एशिया का सबसे महंगा पानी मिल रहा है। केवल बिजली पर ही करोड़ों रुपए निगम खर्च कर रहा है। बिजली की खपत कम करने के लिए जलूद में नगर निगम ने सौर ऊर्जा परियोजना के तहत सोलर प्लांट लगाने के लिए ग्रीन बांड से 277 रुपए जुटाए थे। इससे अब तक निगम को फायदे के जगह नुकसान होता दिख रहा है और ग्रीन बांड के रूप में बांडधारियों को 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने इस मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और सीबीआई को प्रमाणों सहित ई-मेल भेजकर सीबीआई जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि नगर निगम ने जलूद सौर ऊर्जा परियोजना पर 308 करोड़ रुपए खर्च किए, इसके बावजूद आज भी पीने के पानी के नाम पर हर माह करोड़ों रुपए का बिजली बिल चुकाया जा रहा है। साथ ही, ग्रीन बॉन्ड पर 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज भी लगातार दिया जा रहा है, जिससे नगर निगम को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। कौशल ने आरोप लगाया कि ठेकेदार को जुलाई 2025 तक काम पूरा कर लेना था। लेकिन इसके बाद भी पूरा नहीं हुआ है।

इतना नहीं नगर निगम ने भी अनुबंध के अनुसार प्रोजेक्ट में देरी होने पर हर सप्ताह 0.5 प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला जाना था, लेकिन नगर निगम ने ठेकेदार को अवैध रूप से लाभ पहुंचाया है। आरोप है कि परियोजना में घटिया निर्माण, निर्धारित शर्तों के अनुरूप समय पर काम पूरा न होना, और स्मार्ट सिटी व नर्मदा परियोजना के अधिकारियों की देखरेख में गुणवत्ता से समझौता किया गया। इससे नागरिकों के टैक्स के पैसों के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। पूर्व पार्षद का कहना है कि पीने के पानी के नाम पर हर माह करोड़ों रुपए बिजली बिल और ब्याज में खर्च हो रहे हैं, जबकि परियोजना से अपेक्षित लाभ जमीन पर दिखाई नहीं दे रहे। उल्लेखनीय है कि इस योजना का भूमि पूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ऑटो चालक युवक ने मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के संयोगितागंज इलाके में सितंबर महीने में एक ऑटो चालक युवक ने मानसिक प्रताड़ना और संपत्ति विवाद से तंग आकर जहर खा लिया था, इस दौरान युवक ने वीडियो बनाया और अपनी आपबीती जाहिर की जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, इस मामले में संयोगितागंज पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिसमें दो महिलाएं भी शामिल है। चारो को पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया है।

### इंदौर रेलवे स्टेशन की डॉरमेट्री में अब रूम देने से किया जा रहा इनकार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देश के स्वच्छता में नंबर-1 शहर इंदौर का रेलवे स्टेशन एक बार फिर बदइंतजामी को लेकर चर्चा में है। रविवार को डॉरमेट्री में बिस्तर पर खटमल मिलने की शिकायत के बाद कल यात्री को डॉरमेट्री से यह कहकर लौटा दिया गया कि सुविधा बंद है, जबकि वहां कमरे उपलब्ध थे। बताया जा रहा है कि संभवत: यहां अव्यवस्थाओं को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए कर्मचारी रूम देने से बच रहे हैं। कल रात सुनील नामक यात्री परीक्षा देने के लिए इंदौर आया था। उसने स्टेशन पहुंचकर डॉरमेट्री के बारे में पूछताछ की तो मौजूद स्टाफ ने सुविधा बंद होने की बात कहकर उसे वापस भेज दिया। इस पर यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आईआरसीटीसी, रेल मदद और रतलाम डीआरएम को टैग कर पूरी घटना की जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज कराई। शिकायत सामने आते ही डीआरएम कार्यालय हरकत में आया।

## आयुक्त द्वारा आजाद नगर जीटीएस का निरीक्षण

# जीटीएस में बड़ी मात्रा में ग्रीन वेस्ट पड़ा होने पर प्रभारी को जीटीएस से हटाने के दिए निर्देश

### जलापूर्ति व्यवस्थाओं के संबंध में मुसाखेड़ी पानी टंकी का निरीक्षण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रात: 7:00 बजे से आजाद नगर स्थित जीटीएस (गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी श्री विवेक गंगराड़े सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

आयुक्त श्री सिंघल द्वारा जीटीएस में पहुंचने वाले कचरे की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए यह जानकारी ली गई कि किन-किन क्षेत्रों से कचरा यहां लाया जाता है तथा गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण कर उसे किस प्रकार प्लांट तक भेजा जाता है। निरीक्षण के दौरान जीटीएस परिसर में बड़ी मात्रा में ग्रीन वेस्ट जमा पाया गया एवं साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई।



इस पर आयुक्त श्री सिंघल ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जीटीएस प्रभारी महेश मारोठ को फटकार लगाई एवं आजाद नगर जीटीएस से हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए तथा जीटीएस से ग्रीन वेस्ट तत्काल हटाने और परिसर में नियमित एवं पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न होने के भी निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात आयुक्त द्वारा मुसाखेड़ी क्षेत्र में स्थित पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में दूषित पानी, पानी नहीं आने जैसी प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी ली गई ओर शिकायतों पर लगातार मॉनिटरिंग करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## समाधान योजना की दैनिक हजारों उपभोक्ताओं को जानकारी देने का महाभियान

- **जनवरी में कम से कम एक लाख और उपभोक्ताओं को देंगे छूट लाभ**
- **नौ अभियंताओं के सौपा गया, जिलों-सर्कल का प्रभार**

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा समाधान योजना अंतर्गत अधिकतम छूट लाभ जनवरी अंत तक देने के लिए महा अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत 31 जनवरी तक की स्थिति में शेष 10 दिनों में ढाई लाख से ज्यादा बकायादारों से संपर्क कर कम से कम एक लाख को समाधान योजना में पंजीकृत कर रियायत लाभ दिया जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के आदेश पर 9 अभियंताओं को इंदौर, उज्जैन, रतलाम समेत विभिन्न जिलों में समाधान योजना अंतर्गत 10 हजार से ज्यादा के बकायादारों से मोबाइल पर संपर्क कर योजना से पंजीयन कर भुगतान करने व निर्धारित अधिकतम छूट जनवरी अंत तक प्राप्त करने के लिए नामित किया गया है। इन प्रभारी अभियंताओं में जितेंद्र कुमार झारिया, आशीष बंडावाला, धीरज सोनी, अजय राठौर, तिलकराज सिंह यादव, अखिलेश कुमार मंडलोई, शिवकुमार यादव, रोहित कुमार असाटी, श्रीमती रूचि जैन शामिल है। ये अभियंता सभी जिलों, वृत्तों, जोन, वितरण केंद्र के प्रभारियों से संपर्क कर समाधान योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। जनवरी के शेष दिनों में समाधान योजना क्रियान्वयन की दैनिक समीक्षा होगी। दैनिक रूप से प्रत्येक जिले में हजारों बकायादार, पात्र उपभोक्ताओं से सघन संपर्क किया जाएगा।

### समाधान योजना में 4.64 लाख लाभान्वित

पश्चिम मप्र में समाधान योजना अंतर्गत तीन माह या अधिक समय के पात्र बकायादारों में से अब तक 4 लाख 64 हजार को लाभान्वित किया गया है। करीब 18.70 करोड़ की छूट प्रदान की गई है। बिजली कंपनी को योजना अंतर्गत 117 करोड़ रूपए से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हो चुका है। एक मुश्त भुगतान पर सरचार्ज शत प्रतिशत माफ हो रहा है, वहीं किश्तों में भुगतान पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज छूट रहेगी।

## सायबर अपराधों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु संचालित की जा रही है साइबर हेल्प डेस्क

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वर्तमान के बढ़ते सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु इन्दौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है साथ ही जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। सायबर अपराधों की शिकायतों में पीड़ित/आवेदक को थानें पर ही उचित समाधान मिल सकें व उसे इधर उधर न भटकना पड़े, इसी बात को ध्यान में रखते हुए, पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा थाना स्तर पर ही सायबर अपराधों के लिये दक्ष पुलिसकर्मी हो, इसके लिये, एक विशेष ट्रैनिंग की कार्ययोजना तैयार करवाई गयी है। जिसके तहत नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक थाने से पुलिस कर्मियों को सायबर अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही के लिये, प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में नगरीय क्षेत्र के सभी थानों से आरक्षक से उप निरीक्षक स्तर के करीब 80 पुलिस कर्मियों के लिये एक दिवसीय सायबर ट्रैनिंग आज दिनांक 21 जनवरी 2026 को आयोजित की गयी, जिसका शुभारंभ पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति व अति. पुलिस आयुक्त (का./व्य.) नगरीय इंदौर श्री अमित सिंह, अति. पुलिस आयुक्त (अप./मुख्यालय) नगरीय इंदौर श्री आर.के. सिंह एवं अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम श्री राजेश दण्डोतिया की मौजूदगी में किया गया । उक्त प्रशिक्षण में पुलिस कर्मियों को क्राइम ब्रांच के एडीशनल डीसीपी श्री राजेश दंडोतिया, साइबर एक्सपर्ट श्री अक्षय कुमार जाधव, साइबर सुरक्षा सलाहकार व विशेषज्ञ श्री सन्नी वाधवानी के साथ ही क्राइम ब्रांच की टेक्निकल टीम के अनुभवी अधिकारी/कर्मचारी जो विभिन्न सायबर अपराधों में दिन प्रतिदिन कार्यवाही करते है, के द्वारा सायबर अपराधों व फ्रॉड के विभिन्न प्रकार की जानकारी देते हुए, फाईनेशियल, ऑनलाईन, सोशल मीडिया आदि के सायबर अपराधों के बारें में बताया व इनके पीड़ित यदि थानें में आएं तो क्या करें व किस प्रकार उन पीड़ितों की मदद करें कि, उनकी समस्या का निदान जल्द से जल्द हो सके बताते हुए, सायबर क्राइम हो जाने पर पीड़ित के थाने आने पर किस प्रकार उसकी शिकायत जल्द से जल्द 1930 व सायबर क्राइम पोर्टल cybercrime.gov.in पर दर्ज करना है, जिससे उसकों त्वरित समाधान दिलाया जा सके और फ्रॉड की राशि को फ्रीज कराया जा सके। विभिन्न फाईनेशियल फ्रॉड में जितनी जल्दी शिकायत दर्ज हो जाएं उसमें उनकी राशि मिलने की संभावना उतनी ज्यादा होती है, इस बात को विशेष तौर पर ध्यान रखने की बात बताई।



## एम.के.एच.एस. गुजराती कन्या महाविद्यालय में नृत्य और संगीत का 'स्पंदन'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्पंदन केवल धड़कन नहीं है, यह जौवन के जीवित होने का प्रमाण है। जब मन में विचार जागते है, जब समाज में परिवर्तन की चाह उठती है, तभी स्पंदन जन्म लेता है। ऐसा ही स्पंदन श्री गुजराती समाज के दिल में 102 वर्ष पूर्व उठा था। शिक्षा जगत में प्रवेश कर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने की दिशा में। 'स्पंदन होना जीवन की पहली पहचान है, हर धड़कन में छुपा सृजन का अभियान है। यह संस्थान केवल शिक्षा का केन्द्र नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व निर्माण की प्रयोगशाला है। आज की बेटियाँ केवल भविष्य का नहीं बल्कि वर्तमान की भी नेतृत्वकर्ता है।' उक्त विचार मुख्य अतिथि इन्दौर क्षेत्र क्र. 5 के विधायक महेन्द्र हार्डिया ने अपने उद्बोधन में कहे।

## स्टार एयर की मुंबई और गोंदिया की उड़ानें निरस्त, यात्री हुए परेशान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर से मुंबई और गोंदिया के बीच हवाई सफर करने वाले यात्रियों की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। स्टार एयर ने हाल ही में इन रूटों पर अपनी सेवाएं दोबारा शुरू की थीं, लेकिन उड़ानों के निरस्त होने का पुराना दौर फिर से लौट आया है। मंगलवार को कंपनी ने इंदौर से संचालित होने वाली अपनी चारों उड़ानों को अचानक रद्द करने का निर्णय लिया। इस अप्रत्याशित फैसले के कारण देवी अहिल्या बाई होलकर विमानतल पर यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया।

# अधिकारी अनिवार्य रूप से फील्ड में रहकर शिकायत सुने और हल करें

### दूषित पानी की शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया लापरवाह सहायक यंत्री को किया निलंबित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा बुधवार को सीटी बस सभाकक्ष में जलप्रदाय, सीवरेज विभाग एवं जलापूर्ति से संबंधित विषयों को लेकर झोनवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, कार्यपालन यंत्री, प्रभारी अधिकारी वर्कशॉप, समस्त जोनल अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, सीटीपीटी, ड्रेनेज, जलप्रदाय, अमृत योजना के अंतर्गत संबंधित ईई, एई सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा विगत दिनों जोन कमांक 10 के क्षेत्रान्तर्गत वार्ड कमांक 43 अंतर्गत वार्ड में हो रहे निर्माण कार्य एवं दूषित पानी की शिकायतों के संबंध में निरीक्षण किये जाने के दौरान जोन पर पदस्थ सहायक यंत्री मनोज जैन मौके पर अनुपस्थित होना पाये जाने एवं दूषित पानी की प्राप्त शिकायतों का निराकरण नहीं करते हुए कार्य में लापरवाही करने पर सहायक यांत्रिक मनोज जैन को आयुक्त ने निलंबित किया गया।



विदित हो कि जोन कमांक 10 वार्ड क्रमांक 43 में कार्यरत् मनोज जैन, सहायक यंत्री द्वारा जलप्रदाय के महत्वपूर्ण कार्यों का दायित्व होने के बावजूद बिना सूचना एवं बिना अवकाश स्वीकृति के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने, आवंटित पदीय दायित्वों का समुचित तरीके से निर्वहन नहीं करने पर आयुक्त सिंघल द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर विभागीय जांच के आदेश दिए। आयुक्त सिंघल ने बैठक में निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त दूषित पानी, पानी नहीं आने, कम दबाव से जलापूर्ति एवं पाइप लाइन लीकेज से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से फील्ड में रहकर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें तथा शिकायत सुने और उन समस्या का निराकरण करें। प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में समस्या के स्थायी समाधान हेतु अतिरिक्त संसाधन, मरम्मत अथवा नए कार्यों की आवश्यकता है, वहां तत्काल प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किए जाएं, जिससे समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण हो सके। समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त श्री सिंघल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में ट्यूबवेल अथवा बोरिंग का क्लोरीनीकरण कार्य अभी भी शेष है, उसे तत्काल पूर्ण किया जाए। साथ ही, सभी बोरिंग में एक बार पुन: क्लोरीनीकरण का कार्य रिपीट करवाया जाए, ताकि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों पर कंबल वितरण किये



**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● यूथ फॉर सेवा संस्था के सदस्यों के माध्यम से मेक्स फैशन के सीएसआर द्वारा के नगर की 8 बस्ती टाकीज गली,रविदास मार्ग, गणेश मार्ग, संस्कृति नगर, राधाकृष्ण नगर रुक्मणि कुंड, भेरू मठ, अयोध्या बस्तीयो में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों मे ठंड से बचाव के लिए बड़ी संख्या में कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर सेवा भारती के सोहनलाल परमार,मुकेश राठौर, जितेन्द्र पटेल, सुनील सोलंकी, रमेशचन्द्र सोलंकी,गौरव परमार, जस्सू चौधरी, विनोद जाट, गीता बामनिया,प्रकाश पटेल, संतोष रावत, अशोक वर्मा सहित सेवा बस्तियों में केंद्र चलाने वाली कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## रतलाम मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया । संपन्न डीआरयूसीसी की इस द्वितीय बैठक में कुल 19 सदस्यों में से 14 सदस्य तथा एक सदस्य के प्रतिनिधि शामिल हुए एवं क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता समिति के तीन सदस्य शामिल हुए। बैठक के प्रारंभ में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत सभी सदस्यो एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा अपना-अपना परिचय दिया गया। समिति के अध्यक्ष व मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि समिति के सदस्यगण रेलवे एवं उपभोक्ताओं के बीच एक कड़ी का काम करते हैं तथा इनके माध्यम से रेल उपभोक्ताओं की समस्याओं को समझते में मदद मिलती है। इस अवसर पर कुमार ने रतलाम मंडल पर किए जा रहे अधो संरचनात्मक विकास कार्यों एवं यात्री सुविधा से संबंधित कार्यों के बारे में सदस्यों को अवगत कराया । इस दौरान मंडल की जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 तक की मंडल की उपलब्धियों को पावर पाईट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों को रेलवन ऐप के बारे में भी बताया गया तथा सदस्सों से अपने स्तर पर रेल उपभोक्ताओं तक इसकी जानकारी साझा करने हेतु कहा गया।

# राऊ विधानसभा के बीएलओ ने दिया ज्ञापन, कई शिकायतें भी की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में लगे राऊ विधानसभा के बीएलओ ने अपनी की समस्याओं को लेकर सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी एसडीएम अजीत श्रीवास्तव को शिकायती पत्र दिया। बीएलओ के एक प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इतने कम समय में लाखों नोटिस देना संभव नहीं है। इसके लिए अन्य उपाय भी सुझाएं।



बीएलओ के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विधानसभा प्रभारी का व्यवहार उनके प्रति ठीक नहीं है। वह बार-बार सभी के साथ अभद्र भाषा का उपयोग करने के साथ निलंबन की धमकी देते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप पर भी उनके द्वारा सही शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता है। बीएलओ का कहना था कि हर दिन कार्य पूरा करने के बाद बदलाव के नए आदेश देकर उन पर दबाव बनाया जाता है। बैठक के दौरान और डिजिटल संचार माध्यमों से अपमानजनक भाषा का उपयोग करते हुए आक्रामक लहजे में उनके साथ बातचीत कर काम करने के बावजूद मन तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## स्वदेशी संकल्प एवं नशा मुक्ति शपथ के साथ स्वच्छता कार्य का आयोजन हुआ



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सांवेर ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम गवला में नवांकुर संस्था मुकाता सेक्टर 01 सांवेर द्वारा पीएम श्री विद्यालय गवला के छात्रों को संस्था अध्यक्ष अजय शर्मा द्वारा स्वदेशी संकल्प एवं नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई साथ ही छात्रों को स्वच्छता कार्य के लिए प्रेरित करते हुए शाला परिसर की स्वच्छता का कार्य भी उपस्थित सभी लोगों ने छात्रों के साथ मिलकर किया। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अंतर्गत आयोजित इस पखवाड़े में युवाओं को प्रेरित करते हुए उनके द्वारा कहे गए वक्तव्य 'उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए' जैसे उदाहरण दिए गए।

## वांडरऑन को सीरीज ए राउंड में 54 करोड़ फंड हासिल करने में सफलता मिली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वांडरऑन तेजी से लोकप्रिय होता भारत का एक्सपीरिएंशियल ट्रैवल ब्रांड है, जिसे जेन जी और मिलेनियल ट्रैवलर्स खासा पसंद करते हैं। यह डीएसजी पार्टनर्स और सीएएफ से सीरीज ए राउंड में 54 करोड़ फंड हासिल करने में सफल रहा है। यह देश में किसी ट्रैवल और एक्सपीरिएंस कंपनी द्वारा हासिल सर्वाधिक संस्थागत फंड में से एक है। उल्लेखनीय है कि कंपनी बूटस्ट्रैप मॉडल पर पहले ही 100 करोड़. का बिज़नेस कर दर्ज कर चुकी है। कोविड के बाद के दौर में कंपनी का कारोबार साल-दर-साल दोगुना हो गया था।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

न्यूज ब्रीफ

### समाजवादी पार्टी खजराना क्षेत्र में आज सदस्यता अभियान चलाया

**इंदौर** ● खजराना क्षेत्र में आज समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें शहजाद भाई जिला महासचिव रियाज भाई गफूर भाई वसीम भाई मिराज भाई मोहम्मद मलिक मोहम्मद ताहिर शहजाद अली आदि लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हुए इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह प्रदेश सचिव रामस्वरूप मंत्री मोहम्मद अली सिद्दीकी मनोज हडिया मुख्य रूप से उपस्थित थे जानकारी समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रभारी सुरेश सूरजवानी द्वारा दी गई।

### श्री गोपाल मंदिर के रख-रखाव के लिए एमओयू हस्ताक्षरित

**इंदौर** ● संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशन में आज स्मार्ट सिटी इंदौर के सीईओ श्री अर्थ जैन एवं माफी अधिकारी श्रीमती कल्याणी पाण्डेय द्वारा श्री गोपाल मंदिर स्थित एंफीथिएटर, कॉरिडोर एवं अन्य विकसित स्थान के संचालन एवं रख-रखाव के लिए एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

### शनिवार को सुसज्जित रथ में विराजित होकर भक्तों को दर्शन देने निकलेंगी माँ भगवती

**इंदौर** ● विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर 31 वें प्रकाशोत्सव में तीसरे दिन माँ ललिता पराम्बा का चंद्रघंटा नीलाम्बरा स्वरुप में स्वर्णिम श्रृंगार किया गया। मंदिर पर चले रहे सग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ में स्वाहाकार की मंगल ध्वनि जारी है, जिसमें 31 विद्वान प्रतिदिन आहुतियां समर्पित कर रहे हैं। अब तक यहाँ 31 हजार आहुतियाँ संपन्न हो चुकी हैं। गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में यहाँ प्रतिदिन भगवती का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जा रहा है, जिनके दर्शनार्थ भक्तों का मेला जुट रहा है। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि महायज्ञ के इस अनुष्ठान में भगवती के एक हजार नामों से ललिताम्बा महायज्ञ में प्रतिदिन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में 11 यजमानों एवं वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा माँ को प्रिय व्यंजनों की आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। 31 विद्वान यज्ञकर्म का संचालन कर रहे हैं। भगवती के नित्य नूतन और मनोहारी श्रृंगार का जिम्मा आचार्य पं. लोकेश शर्मा और उनके साथी निभा रहे हैं। आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री, आचार्य पं. राजेश शर्मा एवं अन्य विद्वानों द्वारा की जा रही महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

# महाकाल लोक के बाद शनि लोक का होगा निर्माण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में करीब दोगुनी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऐसे में सिंहस्थ 2028 के लिए मध्य प्रदेश सरकार, उज्जैन को एक नए धार्मिक पर्यटन मॉडल के रूप में विकसित करने में जुट गई है। इसी क्रम में अब सरकार यहां 'शनि लोक' बनाने जा रही है।

उज्जैन-इंदौर रोड पर त्रिवेणी क्षेत्र में शिप्रा नदी के तट पर बने शनि मंदिर को इस परियोजना का केंद्र बनाया जाएगा। मान्यता है कि इस मंदिर की स्थापना सम्राट विक्रमादित्य ने की थी। यह देश का पहला ऐसा मंदिर माना जाता है, जहां भगवान शनि, शिव स्वरूप में विराजमान हैं।

उज्जैन में शनि लोक के रूप में दूसरा बड़ा धार्मिक कॉरिडोर कुंभ से पहले आकार ले लेगा। इसे महाकाल लोक की तर्ज पर ही विकसित किया जाएगा। इसकी घोषणा 8 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की थी। शनि लोक की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बन चुकी है। टेंडर होने के बाद जल्द ही काम शुरू होगा। सरकार की ओर से पूरी कोशिश है कि सिंहस्थ के पहले शनि लोक तैयार हो जाए।



### सभी नौ ग्रहों को समर्पित मंदिर

उज्जैन में शिप्रा किनारे बना शनि मंदिर करीब 21 हजार 100 वर्गमीटर इलाके में फैला है। इसे नवग्रह मंदिर के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यह मंदिर सभी नौ ग्रहों- सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु को समर्पित है। यहां साढ़े साती और ढैया से मुक्ति के लिए शिव रूपी शनि की विशेष पूजा कराई जाती है। शनि दोषों की शांति के लिए तेल, लोहा, तिल आदि चढ़ाए जाते हैं। भक्त शनिश्चरी अमावस्या पर पुराने कपड़े और जूते-चप्पल मंदिर के बाहर ही छोड़कर चले जाते हैं।

# झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान में संगीत संध्या हुई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संस्था सेवा सुरभि, जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण की सहभागिता में चलाए जा रहे 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' अभियान के तहत प्रतिदिन रीगल चौराहा स्थित इंडिया गेट एवं अमर जवान ज्योति की प्रतिकृति पर सुबह शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं, चिकित्सकों एवं समाज के अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा अनाम शहीदों को पुष्पांजलि, गीतांजलि और आदरांजलि समर्पित करने का सिलसिला जारी है। बुधवार को भी सुबह 8 से 10 बजे के बीच रीगल चौराहे पर देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों के कारण ऐसा समां बन गया कि हर कोई उनके साथ शामिल होता चला गया। संध्या को भी यहाँ आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की गई है जिसके कारण छोटे-छोटे समूहों में आकर अनेक संगठनों के लोग अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। शुक्रवार 23 जनवरी को यहाँ शाम 6.30 बजे से 'मेरा रंग दे बसंती चोला' संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति स्टार फैन्स क्लब के तत्वावधान में दी जाएगी।

संस्था सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा, अरविन्द जायसवाल एवं कमल कलवानी ने बताया कि 'झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान' अब पूरे शबाब पर पहुँच गया है। बुधवार को प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय



विश्वविद्यालय की प्रमुख हेमलता दीदी एवं उनके साथ आई बहनों ने भी इंडिया गेट एवं अमर जवान ज्योति की प्रतिकृति पर पुष्पांजलि समर्पित कर देश के अनाम शहीदों को याद किया। इसी तरह शहर के प्रमुख चिकिस्तकों के दल ने भी डॉ. विनिता कोठारी, डॉ. शैलेश लोढ़ा एवं डॉ. शरद डोसी सहित अपनी टीम के साथ इंडिया गेट पहुंचकर अपनी भावपूर्ण पुष्पांजलि समर्पित की। विभिन्न विद्यालयों के बच्चे भी प्रतिदिन यहाँ आकर अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। डेल्ही इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने संगीत शिक्षक के साथ इंडिया गेट पहुंचकर देशभक्ति से प्रेरित तरानों की प्रस्तुतियां देकर राह चलते लोगों को भी ठिठकने पर बाध्य कर दिया। इन बच्चों ने भारत माता की जय ओर्वंडे मातरम के उद्घोष से चौराहे को गुंजायमान बनाए रखा। स्कूली बच्चों द्वारा प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक, जब चौराहे पर यातायात का दबाव बहुत कम होता है, तब पहुंचकर देश के अनाम शहीदों को याद करने का सिलसिला गत 15 जनवरी से ही चल रहा है, जो 26 जनवरी तक जारी रहेगा।

# बसंत पंचमी पर विश्व ब्राह्मण समाज संघ एवं हंसदास मठ के संयुक्त तत्वावधान में होगा बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● हंसदास मठ पर गुप्त नवरात्रि एवं मठ के दसवें लोकार्पण दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में विद्वान आचार्यों के निर्देशन में श्रीसूक्त एवं पुरुषसूक्त से आहुतियों का सिलसिला जारी है। हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में विधायक गोलू शुक्ला ने यज्ञशाला में पहुंचकर अग्नि देवता तथा सर्वतोभद्र मंडल के दर्शन पूजन कर यज्ञशाला की परिक्रमा की। मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि मठ स्थित भगवान रणछोड़जी एवं चिंताहरण पंचमुखी हनुमानजी को समर्पित इस लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में प्रतिदिन सुबह यज्ञाचार्य पं. विवेक कृष्ण शास्त्री के निर्देशन में विद्वान आचार्यों द्वारा श्रीसूक्त एवं पुरुषसूक्त से आहुतियाँ संपन्न कराई जा रही है। आज भी बड़ी संख्या में यज्ञ में शामिल यजमानों एवं मठ से जुड़े श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ उठाया। यज्ञ एवं परिक्रमा में मठ से जुड़े संत, महंत, विद्वान एवं श्रद्धालु यज्ञ देवता तथा लक्ष्मीनारायण का जयघोष करते हुए शामिल हुए। यज्ञ के यजमान समूह में श्रीमती वर्षा शर्मा, अनंत महंत एवं विनोद कुमार जोशी शामिल हैं जिन्होंने विद्वान आचार्यों के निर्देशन में विधि विधान से पूजन कर आहुतियाँ समर्पित की। मठ को पुष्पों एवं विद्युत सज्जा से श्रृंगारित किया गया है। कल ब्राहमण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार - बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को विश्व ब्राह्मण समाज संघ एवं हंसदास मठ के संयुक्त तत्वावधान में ब्राहमण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी होगा। विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत ने बताया कि यज्ञोपवीत में शामिल होने के इच्छुक बटुक मोबाइल पर महंत अमितदास से सम्पर्क कर सकते हैं।

# मोबाइल ऑन-लॉक कर ऑनलाइन ठगी युवक के फोन से नशे के धंधे का खुलासा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में मोबाइल के जरिए ऑनलाइन ठगी के साथ-साथ नशे के अवैध कारोबार का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। देवा शर्मा ने बताया कि चोइथराम सब्जी मंडी क्षेत्र में सब्जी का कार्य करने वाले एक युवक से मोबाइल ऑन-लॉक के नाम पर ठगी का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी की चालाकी उसी पर भारी पड़ गई। आरोपी मौके से भाग गया, लेकिन उसका मोबाइल वहीं छूट गया। जब मोबाइल की जांच की गई तो उसमें ड्रग्स, नशीले पाउडर और अवैध नशे के कारोबार से जुड़े वीडियो-फोटो मिले, जिससे मामला गंभीर हो गया।

### ऐसे दिया ठगी को अंजाम देने की कोशिश

पीड़ित उमेश पिता छगनलाल, निवासी इंदौर ने बताया कि वह 21 जनवरी 2026 की रात चोइथराम सब्जी मंडी में अपने काम में लगा हुआ था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक उसके पास आया और उससे 5 हजार रुपये नगद मांगे। बदले में उसने ऑनलाइन 5500 रुपये ट्रांसफर करने की बात कही। आरोपी ने भुगतान के लिए अपने बताए मोबाइल नंबर पर पैसे डलवाने को कहा। पीड़ित ने अपने दोस्त के मोबाइल से बताए गए नंबर पर पेमेंट किया, लेकिन पेमेंट कन्फर्म नहीं हुआ। इसी बीच आरोपी ने बातों में उलझाकर वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन जल्दबाजी में उसका मोबाइल फोन वहीं गिर गया।

### मोबाइल में मिले नशे के कारोबार के सबूत

जब पीड़ित और आसपास मौजूद लोगों ने मोबाइल फोन की जांच की तो उसमें ड्रग्स, नशीले पाउडर, सप्लाई और बिक्री से जुड़े कई वीडियो और फोटो पाए गए। इतना ही नहीं, मोबाइल में कई व्हाट्सएप चैट्स और कॉल हिस्ट्री भी मिली, जिसमें अलग-अलग नामों से पुलिसकर्मियों के नाम सेव होना बताया जा रहा है। कुछ नंबरों पर व्हाट्सएप कॉलिंग के रिकॉर्ड भी सामने आए हैं, जिससे आरोपी द्वारा पुलिस से संबंध होने का डर दिखाकर नेटवर्क चलाने की आशंका जताई जा रही है।

# केबीसी हेल्थ सेंटर पर शनिवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कनाडिया रोड स्थित केबीसी हेल्थ सेंटर, मोर्या हिल्स पर श्रीमती सूठीबाई दौलतराम छावछरिया पारमार्थिक ट्रस्ट की मेजबानी में शनिवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रमुख बालकिशन छावछरिया (बल्लू भैया) ने बताया कि अरबिंदो हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञों और उनके सहायकों की टीम द्वारा नेत्र परिक्षण के पश्चात चयनित मरीजों को निशुल्क चश्मे भी दिए जाएँगे और चयनित मरीजों के ऑपरेशन अरबिंदो हॉस्पिटल में किए जाएँगे। प्रबन्धक एस एन गोयल समाधान ने बताया कि केबीसी हेल्थ सेंटर पर नेत्र रोगियों के अलावा अन्य सामान्य रोग के मरीजों जैसे दंत रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग तथा फिजियोथेरेपी के मरीजों के लिए भी समुचित चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हैं। मरीजों के लिए बीपी, शुगर एवं अन्य पेथेलोजिकल जांचे भी निशुल्क कराई जाएगी।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ

डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।




कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# बड़ी संख्या में गणेश पहुंचकर समाज बंधुओं एवं मातृशक्ति ने दिया पहला न्योता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●ब्राह्मण सेवा संगठन द्वारा गुरुवार 19 फरवरी को आयोजित किए जा रहे 15 जोड़ों के सामूहिक विवाह का पहला निमंत्रण बुधवार को खजराना गणेश को समर्पित किया गया। सामूहिक विवाह में शामिल जोड़ों को उपहार स्वरुप एलईडी टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर, सोफे, अलमारी, पलंग, 51 बर्तन, गैस चूल्हा, मिक्सर, सोने की दो तथा चांदी की तीन रकमों सहित 31 उपहार भेंट किए जाएँगे ताकि नवयुगल अपनी गृहस्थी की गाड़ी चला सकें। संगठन के अध्यक्ष पं. सत्येन्द्र शर्मा एवं मीडिया प्रभारी पं. नीलाभ सुगंधी ने बताया कि संगठन के संयोजक पं. अटल शर्मा के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति और




समाज बधुओं ने गौरी पुत्र गणेश को इस विवाह समारोह का पहला न्योता समर्पित किया। इस अवसर पर पं. सरोज कुमार कौशिक, पं. अशोक शर्मा, पं. विजय जोशी, पं. विशाल शर्मा, पं. जितेन्द्र व्यास, पं. मुकेश शर्मा मामा, पं. सुनील उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण भागर्व, पं. राजेंद्र दुबे, पं. सन्नी शर्मा, पं. गजेन्द्र शर्मा, पं. राहुल शर्मा एवं पं. मनोज शर्मा तथा मातृशक्ति में संगीता शर्मा, प्रिया शर्मा, निक्की शर्मा, निधि पाठक, मंजू शर्मा एवं ज्योति शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज बन्धुओं ने पूजा अर्चना कर खजराना गणेश की आरती में भी भाग लिया। अंत में पंडित राजेंद्र शर्मा ने आभार माना।

# महाकाल पहुंचे सुनील शेट्टी, कहा- सभी के लिए बाबा से आशीर्वाद मांगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● अभिनेता सुनील शेट्टी बुधवार उज्जैन पहुंचे। उज्जैन आगमन के साथ ही उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की. अभिनेता ने जलद्वार से मंदिर में प्रवेश कर विधिविधान से भगवान महाकाल का पूजन किया और परिवार, मित्रों के साथ-साथ देशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। दर्शन के बाद सुनील शेट्टी नंदी मंडपम में लगभग दस मिनट तक शांत भाव से बैठकर बाबा महाकाल का ध्यान करते नजर आए। इस दौरान मंदिर परिसर में पूरी तरह श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। अभिनेता ने भगवान महाकाल से आशीर्वाद लेकर मंदिर परिसर में कुछ समय बिताया।

# सम्पादकीय

## दिल्ली में इलाज से पहले मौत क्या देश की राजधानी में आपात स्वास्थ्य व्यवस्था फेल हो रही है?

यह अक्सर देखने में आता है कि अगर कहीं सड़क पर दुर्घटना हो जाए या फिर घर पर किसी व्यक्ति की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाए, तो एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती है। प्राथमिक उपचार के इंतजार में कई बार मरीज की जान चली जाती है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपचार की किफायती और सुलभ सुविधाएं मनुष्य की बुनियादी जरूरत है। इनमें चिकित्सक की उपलब्धता, समय पर सस्ते दामों में दवाएं मुहैया कराना और आपातकालीन देखभाल शामिल हैं, ताकि लोगों का जीवन सुरक्षित रहे। अगर व्यवस्था में इन जरूरी सुविधाओं का अभाव हो, तो विकास के दावों का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। देश की राजधानी दिल्ली की एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। दिल्ली सरकार की जन्म और मृत्यु पंजीकरण पर वार्षिक रपट के मुताबिक, वर्ष 2024 में राष्ट्रीय राजधानी में एक लाख उनचालीस हजार से अधिक लोगों की मौत हुई, जिनमें से 34.84 फीसद लोगों की मौत घर पर ही हुई। सवाल है कि आज के दौर में जब लोग मामूली तकलीफ होने पर भी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करते हैं, तो ऐसी क्या वजह है कि इतनी बड़ी संख्या में मौत घर पर ही हो जाती है? जाहिर है, इसके पीछे स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव और आपात स्थिति में चिकित्सा सहायता समय पर न मिलना भी एक बड़ा कारण हो सकता है। इस बात पर गौर करना जरूरी है कि आने वाले दिनों में भारत के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाने के दावों के बीच अगर चिकित्सा सहायता न मिलने से लोगों की जान जा रही है, तो यह पूरी व्यवस्था पर सवाल है। हैरत की बात है कि आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का दम भरने वाली दिल्ली के लोग स्वास्थ्य को लेकर आपात परिस्थिति में खुद को असहाय महसूस करते हैं। यह अक्सर देखने में आता है कि अगर कहीं सड़क पर दुर्घटना हो जाए या फिर घर पर किसी व्यक्ति की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाए, तो एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती है। प्राथमिक उपचार के इंतजार में कई बार मरीज की जान चली जाती है। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं कि किसी मरीज को अस्पताल में बिस्तर खाली नहीं होने की वजह से भर्ती नहीं किया गया, घर वापस आने पर उसकी मौत हो गई। हालांकि, कुछ मामलों में लोगों में जागरूकता की कमी भी एक कारण हो सकता है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं में बरती जाने वाली लापरवाही के लिए संबंधित कर्मियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

# भारत में सांप्रदायिक हिंसा 2025:- गिरावट के आंकड़े, गहरी होती सामाजिक दरारें और लोकतंत्र के सामने नई चुनौती

दिल्ली में आयोजित पोंगल महोत्सव के मंच से भारतीय प्रधानमंत्री का यह कथन कि राष्ट्र निर्माण में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है,केवल एकसांस्कृतिक या औपचारिक वक्तव्य नहीं था, बल्कि यह भारत की आत्मा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना की ओर संकेत करने वाला राजनीतिक-वैचारिक संदेश था। पोंगल, जो कृषि, प्रकृति और श्रम के सम्मान का उत्सव है,उसी भारत का प्रतीक है जिसकी जड़ें खेतों में हैं। किंतु इसी कालखंड में प्रकाशित सेंटर फॉर स्टडी ऑफ सोसाइटी एंड सेक्युलरिज़्म (सीएसएसएस) की ताज़ा मॉनिटरिंग रिपोर्ट एक ऐसे भारत की तस्वीर पेश करती है,जहाँ सांप्रदायिक दंगों में गिरावट के बावजूद मॉब लिंचिंग, नफरत आधारित अपराध और पहचान- केंद्रित हिंसा अब भी लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है,जिसकी सामाजिक संरचना बहुधर्मी बहुभाषी और बहु सांस्कृतिक ताने-बाने से निर्मित है। ऐसे समाज में सांप्रदायिक सौहार्द केवल आंतरिक स्थिरता का प्रश्न नहीं,बल्कि वैश्विक लोकतांत्रिक विश्व के लिए एक नैतिक और राजनीतिक संकेतक भी है, इसलिए, यह लेख इन्हीं दो समानांतर सच्चाइयों,आशा और चिंता,के बीच भारत के समकालीन सामाजिक- राजनीतिक परिदृश्य का अंतरराष्ट्रीय दृष्टि से विश्लेषण प्रस्तुत करता है।यह लेख सीएसएसएस की रिपोर्टिंग पर आधारित है इसकी सटीकता को प्रमाणित नहीं किया जा सकता।



भारतीय सभ्यता की आधारशिला इसको समझनें की करें तोभारत में कृषि केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत संरचना है। सिंधु घाटी से लेकर आधुनिक भारत तक, किसान समाज की स्थिरता, खाद्य सुरक्षा और सांस्कृतिक निरंतरता का मूल आधार रहा है।प्रधानमंत्री का पोंगल मंच से दिया गया वक्तव्य इसी ऐतिहासिक सत्य को पुन: रेखांकित करता है। वैश्विक संदर्भ में देखें तो आज जब विकसित देश भी खाद्य आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा मान रहे हैं,भारत का किसान- केंद्रित विमर्श उसे एक स्थायी विकास मॉडल के रूप में प्रस्तुत करता है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ जैसे एफएओ और विश्व बैंक भी मानती हैं कि भारत की कृषि व्यवस्थातमाम चुनौतियों के बावजूद,वैश्विक खाद्य संकट के दौर में एक स्थिर स्तंभ बनी हुई है।पोंगल केवल तमिल संस्कृति का पर्व नहीं,बल्कि यह श्रम, प्रकृति और समुदाय केसामूहिक उत्सव का प्रतीक है। जब प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति इस पर्व के माध्यम से किसानों को राष्ट्र-निर्माण का नायक बताते हैं, तो यह संदेश केवल घरेलू नहीं बल्कि वैश्विक भी होता है। यह भारत को एक ऐसे देश के रूप में प्रस्तुत करता है जहाँ विकास का मॉडल जमीनी स्तर से जुड़ा है। किंतु यही समावेशी सांस्कृतिक संदेश तब कमजोर पड़ता है,जब समाज के भीतर पहचान- आधारित हिंसा और नफरत की राजनीति सामाजिक ताने-बाने को चोट पहुँचाती है। सीएसएसएस की 2025 की मॉनिटरिंग रिपोर्ट के अनुसार भारत में दर्ज बड़े सांप्रदायिक दंगों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है।यह एक सकारात्मक संकेत है और इसे कानून- व्यवस्था में सुधार,त्वरित प्रशासनिक हस्तक्षेप और न्यायिक सक्रियता से जोड़ा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर यह भारत के लिए एक राहतकारी आंकड़ा है, क्योंकि लंबे समय से वैश्विक मानवाधिकार संगठनों द्वारा भारत में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर सवाल उठाए जाते रहे हैं। किंतु रिपोर्ट का दूसरा पक्ष अधिक चिंताजनक है हिंसा समाप्त नहीं हुई है, बल्कि उसने नए, अधिक विकेंद्रीकृत और अप्रत्याशित रूप धारण कर लिए हैं। भीड़ का उभार और राज्य की परीक्षा मॉब लिंचिंग आधुनिक लोकतंत्र की सबसे भयावह विफलताओं में से एक मानी जाती है। भारत में यह हिंसा अक्सर अफवाह,पहचान और सामाजिक पूर्वाग्रहों से प्रेरित होती है।सीएसएसएस रिपोर्ट बताती है कि 2025 में मॉब लिंचिंग की घटनाएँ भले ही बड़े दंगों की तरह सुर्खियों में न रही हों, लेकिन उनकी सामाजिक क्षति कहीं अधिक गहरी रही है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार विमर्श में मॉब लिंचिंग को अनऑफिशियल जस्टिस सिस्टम के रूप में देखा जाता है, जहाँ राज्य की वैधता और कानून का शासन सीधे चुनौती के घेरे में आ जाता है। नफरत आधारित अपराध वैश्विक प्रवृत्ति,भारतीय संदर्भ नफरत आधारित अपराध केवल भारत की समस्या नहीं हैं।अमेरिका यूरोप और एशिया के कई हिस्सों में यह एक उभरती वैश्विक प्रवृत्ति है। किंतु भारत में इसकी जटिलता इस कारण बढ़ जाती है क्योंकि यहाँ पहचान, धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र, इतिहास से गहराई से जुड़ी हुई है। सीएसएसएस रिपोर्ट के अनुसार 2025 में नफरत अपराधों का बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया से उपजी गलत सूचनाओं और राजनीतिक ध्रुवीकरण से जुड़ा रहा। यह स्थिति भारत के डिजिटल लोकतंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है।पहचान:-आधारित हिंसा और सामाजिक विखंडन पहचान- केंद्रित हिंसा का सबसे बड़ा खतरा यह है कि यह समाज को स्थायी रूप से विभाजित कर देती है। किसान, मजदूर और निम्न आय वर्ग,जिनका राष्ट्र- निर्माण में सबसे बड़ा योगदान है, वही वर्ग अक्सर ऐसी हिंसा का शिकार बनता है। यह विरोधाभास भारतीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांत,समानता और बंधुत्व को कमजोर करता है। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषक मानते हैं कि यदि पहचान-आधारित हिंसा पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया गया, तो यह आर्थिक विकास और सामाजिक स्थिरता दोनों को प्रभावित कर सकती है।

नीति और नैतिक जिम्मेदारी इसको समझने की करें तो, प्रधानमंत्री का किसान- सम्मान संदेश तभी सार्थक होगा जब राज्य समान रूप से हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करे।सीएसएसएस रिपोर्ट अप्रत्यक्ष रूप से यह सवाल उठाती है कि क्या कानून का कार्यान्वयन हर स्तर पर निष्पक्ष है।अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक मानकों के अनुसार, हिंसा की रोकथाम केवल पुलिसिंग का विषय नहीं, बल्कि शिक्षा,सामाजिक संवाद और राजनीतिक जिम्मेदारी का भी प्रश्न है। भारत के लिए यह एक निर्णायक मोड़ है,या तो वह अपने विकास मॉडल को सामाजिक न्याय के साथ जोड़े, या फिर आर्थिक प्रगति के बावजूद सामाजिक असंतोष से जूझता रहे।

साथियों बात अगर हम वैश्विक छवि और भारत की सॉफ्ट पावर इसको समझने की करें तो,भारत आज स्वयं को विश्व गुरु, ग्लोबल साउथ के नेता और लोकतांत्रिक आदर्श के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। किसान-केंद्रित सांस्कृतिक आयोजनों और विकासशील अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द इसकी सॉफ्ट पावर का अहम हिस्सा है। किंतु मॉब लिंचिंग और नफरत अपराधों की खबरें अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इस छवि को नुकसान पहुँचाती हैं। सीएसएसएस जैसी रिपोर्टें वैश्विक नीति- निर्माताओं और निवेशकों के लिए संकेतक बन जाती हैं।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि एक समग्र राष्ट्र- निर्माण की आवश्यकता,14 जनवरी 2026 को पोंगल मंच से दिया गया प्रधानमंत्री का वक्तव्य भारत की आत्मा की आवाज़ है, एक ऐसा भारत जो किसान, श्रम और प्रकृति के सम्मान पर खड़ा है।किंतु सीएसएसएस की 2025 की रिपोर्ट यह याद दिलाती है कि राष्ट्र-निर्माण केवल आर्थिक या सांस्कृतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सुरक्षा की भी कसौटी है। जब तक किसान की मेहनत और नागरिक की सुरक्षा समान रूप से संरक्षित नहीं होंगी, तब तक भारत का राष्ट्र-निर्माण अधूरा रहेगा। अंतरराष्ट्रीय दृष्टि से भी भारत की सफलता इसी संतुलन में निहित है,विकास के साथ मानवीय गरिमा, और सांस्कृतिक गर्व के साथ सामाजिक सद्भाव।

-संकलनकर्ता लेखक-**किशन सनमुखदास भावनानीं**, गोंदिया, महाराष्ट्र

# आंचलिक

## बढ़े चांदी के दाम, व्हाइट मेटल गोटा ज्वेलरी की मांग बढ़ी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**पलसूद** ● चांदी के दाम पहली बार तीन लाख रुपए के पार पहुंचने के बाद बाजार में इसके विकल्प के रूप में जर्मन व्हाइट मेटल (गोटा) ज्वेलरी की मांग तेजी से बढ़ी है। खासकर महिलाओं में इस ज्वेलरी को लेकर खासा आकर्षण देखा जा रहा है। व्यापारियों के अनुसार जर्मन व्हाइट मेटल में चांदी नहीं होती, बल्कि यह कॉपर और जिंक के मिश्रण से तैयार की जाती है, जिससे इसमें विशेष चमक और टिकाऊपन आता है। चांदी की तुलना में यह काफी सस्ती होती है, इसी कारण आम उपभोक्ता इसे प्राथमिकता दे रहे हैं।

## फैक्ट्री में कर्मचारियों का आंदोलन, समझौता लागू न होने पर गेट पर धरना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ●नवलसिंह सहकारी शकर कारखाना के 150 से ज्यादा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन मंगलवार से शुरू हुआ है और 28 जनवरी तक चलेगा। आंदोलन के पहले दिन कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। बुधवार को सभी कर्मचारियों ने कारखाना गेट पर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद 22 जनवरी को कर्मचारी क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे। 27 जनवरी को दोपहर 1 से 2 बजे तक एक घंटे का 'नो वर्क' रहेगा और 28 जनवरी को कर्मचारी 'स्लो डाउन' आंदोलन करेंगे। यह आंदोलन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के बैनर तले किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि कारखाना प्रबंधन ने 15 अक्टूबर 2025 को हुए समझौते का पालन नहीं किया है। इंटक अध्यक्ष ललित कश्यप ने बताया कि कर्मचारियों को जुलाई 2023 से अब तक शासन द्वारा मंजूर महंगाई भत्ता नहीं मिला है। इसके अलावा वर्ष 2022-23 के समझौते की शर्तों का भी पालन नहीं किया गया। अन्य समस्याओं को लेकर हुए समझौते को भी तीन महीने बीतने के बाद लागू नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी है।

## नर्मदा का सिक्सलेन पुल फरवरी में होगा शुरू, प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने किया निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बड़वाह** ●नर्मदा नदी पर बन रहे नए सिक्सलेन पुल का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) फरवरी के दूसरे या तीसरे सप्ताह तक इस पुल से वाहनों का आवागमन शुरू कर सकता है। शुरुआत में पुल की एक साइड की लेन से ही यातायात शुरू होने की संभावना है। इस निर्णय से पुराने मोरटक्का पुल पर लगने वाले भीषण जाम से भारी वाहन चालकों और आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। नए पुल के शुरू होने से इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर यातायात का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर (खंडवा) आशुतोष सोनी ने निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुल पर एक लेन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इसे यातायात के लिए खोला जा सकता है। शेष छोटे-मोटे कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है, और 15 फरवरी से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। प्रोजेक्ट डायरेक्टर सोनी ने स्पष्ट किया कि पुल शुरू करने से पहले उसकी भार क्षमता (लोड टेस्टिंग) का परीक्षण किया जाएगा, जो 15 फरवरी से पूर्व संपन्न हो जाएगा। इसके बाद इस पुल से भारी और हल्के दोनों प्रकार के वाहन गुजर सकेंगे। फिलहाल, इस मार्ग के उपयोग के लिए वाहन चालकों से कोई टोल नहीं वसूला जाएगा। पुल की दूसरी लेन को भी अगले तीन माह में पूर्ण करके पूरी तरह से आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। अधिकारियों ने भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आगामी कुछ माह में बलवाड़ा से लेकर धनगांव तक के पूरे हाईवे मार्ग को भी फरवरी में आवागमन के लिए शुरू करना है। जिन स्थानों पर अभी छोटे पुल-पुलियों का निर्माण अधूरा है, वहां सर्विस रोड के जरिए वाहनों को निकालने की व्यवस्था की जाएगी। इससे गाड़ियां सीधे बलवाड़ा से धनगांव तक बिना किसी बाधा के निकल सकेंगी, जिससे यात्रा के समय में कमी आएगी। यह पुल लगभग 1275 मीटर लंबा है और एक लेन की चौड़ाई 13.5 मीटर है। यह लगभग 31 पिलर पर टिका हुआ है।



## मां नर्मदा को 551 मीटर चुनरी अर्पित की, महिला मंडल ने पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की



**दैनिक इंदौर संकेत**

**बड़वाह** ● नर्मदा जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को बड़वाह के नर्मदा तटों पर जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस विशेष अवसर पर सर्व ब्राह्मण महिला मंडल ने मां नर्मदा को 551 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की। यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के लिए किया गया। मंडल अध्यक्ष किरण ब्रजेन्द्र जोशी के नेतृत्व में समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में नर्मदा तट पर एकत्रित हुईं। पंडित संतोष शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ मां नर्मदा का षोडशोपचार पूजन संपन्न कराया। पूजन के बाद मां नर्मदा की भव्य आरती की गई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

मां नर्मदा को चुनरी अर्पित करने का दृश्य बेहद मनोरम था। महिला मंडल की सदस्याओं ने दो नावों में सवार होकर उत्तर तट से दक्षिण तट तक जाकर 551 मीटर लंबी चुनरी मां को ओढ़ाई। लाल रंग की यह विशाल चुनरी जब नर्मदा की लहरों पर लहराई, तो पूरा तट 'नर्मदे हर' के जयकारों से गूंज उठा। चुनरी अर्पण के दौरान भक्तिमय माहौल रहा। महिलाएं ढोलक की थाप पर भजन गाती और नृत्य करती नजर आईं। इस आयोजन में सचिव अर्चना कोठारी, रश्मि शर्मा, नीता शर्मा, लता शुक्ला सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

## 2 लाख 19 हजार 536 क्विंटल धान की खरीदी हुई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**शाहपुर** ● पुनर्वास क्षेत्र में इस बार धान खरीदी ने नया रिकॉर्ड बनाया है। मंगलवार को खरीदी के अंतिम दिन तक 3052 किसानों से 2 लाख 19 हजार 536.8 क्विंटल धान खरीदी गई। यह अब तक की सबसे अधिक खरीदी है। चार खरीदी केंद्रों पर किसानों ने 52 करोड़ 82 हजार 679 रुपए की धान बेची। सबसे ज्यादा खरीदी चोपना फुटबॉल ग्राउंड पर हुई। यहां 850 किसानों से 58261.20 क्विंटल धान खरीदी गई। पूंजी केंद्र पर 807 किसानों से 55264.40 क्विंटल, नूतनडंगा में 747 किसानों से 51096.40 क्विंटल और डेयरी आमढाना में 648 किसानों से 54914.80 क्विंटल धान की खरीदी हुई। पिछले साल 2 लाख 15 हजार 641.60 क्विंटल धान खरीदी गई थी। इस बार यह आंकड़ा पार हो गया है। चोपना समिति प्रबंधक उमेश साकरे ने बताया कि समिति क्षेत्र के 3052 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेची है। यह अब तक की सबसे बड़ी खरीदी है। वहीं शाहपुर ब्लॉक में भी खरीदी 50 हजार क्विंटल के पार पहुंची है। शाहपुर केंद्र पर 310 किसानों से 14380 क्विंटल और भौंरा केंद्र पर 625 किसानों से 42 हजार क्विंटल धान खरीदी गई। कुछ किसानों की तौल प्रक्रिया मंगलवार शाम तक जारी थी।

## बीएलओ से अभद्रता, ई-गवर्नेंस अधिकारी बर्खास्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्य के दौरान बीएलओ से अभद्रता करने के मामले में नगर निगम के सहायक ई-गवर्नेंस अधिकारी अंकित पंवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर की गई। निगम आयुक्त ने विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बाद आदेश जारी किया। दरअसल, एसआईआर के दौरान जसवाड़ी रोड क्षेत्र का नोडल अधिकारी अंकित पंवार को बनाया गया था। इस दौरान ओटीपी लेने की प्रक्रिया को लेकर पंवार और बीएलओ के बीच विवाद हो गया था। बीएलओ द्वारा की गई शिकायत के बाद मामले की उच्च स्तर पर जांच की गई। कलेक्टर ने मामले को गंभीर मानते हुए पंवार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।



इसके बाद नगर निगम प्रशासन ने पंवार को कारण बताओ नोटिस जारी कर विभागीय जांच शुरू की। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर पंवार को अपना पक्ष रखने के लिए 13 जनवरी को बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने उपस्थित होकर जवाब देने के बजाय 15 दिन का अतिरिक्त समय मांगा। प्रशासन ने उन्हें तीन दिन का समय देते हुए 16 जनवरी को सुबह 11 बजे पुन: तलब किया। 16 जनवरी को भी पंवार ने लिखित जवाब प्रस्तुत नहीं किया और फिर से अतिरिक्त समय की मांग कर दी।

विभागीय जांच में पाया गया कि अंकित पंवार ने संविदा नियुक्ति के विज्ञापन की शर्त क्रमांक 11 और 14 का उल्लंघन किया है। जांच समिति की अनुशंसा पर 19 जनवरी की दोपहर बाद से उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। मामले में निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। इधर, बता दें कि अंकित इतने पावर में था कि वह निगमायुक्त और अधिकारियों को निर्देशित करता था।

# आरसीबी और रॉयल्स 27 जनवरी तक बतायें घरेलू मैदान का नाम : बीसीसीआई

**मुंबई (एजेंसी)** ● आईपीएल के 2026 सत्र में घरेलू मैदान को लेकर राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मामला अभी तक हल नहीं हुआ है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इन दोनों को 27 जनवरी तक का समय दिया है। तब तक इन दोनो को बताना होगा कि ये दोनो अपने मैच घरेलू मैदान पर ही चाहते हैं या किसी अन्य स्थल को घरेलू मैदान मान सकते हैं। दोनो ही टीमों को शायद ही घरेलू मैदानों पर खेलने का अवसर मिल पाये। रॉयल्स को जयपुर इसलिए नहीं मिल सकता क्योंकि राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के चुनाव नहीं हुए हैं। वहीं बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2025 की जीत के बाद मैदान में हुए जश्न के दौरान भगदड़ में कई लोगों की मौत हो गयी थी। उसको देखते हुए अब आईपीएल आयोजक उसे यहां खेलने की अनुमति देंगे इसकी संभावना नहीं है। ऐसे में रॉयल्स अपने घरेलू मैच पुणे में खेल सकती है, जबकि आरसीबी डीवाई पाटिल स्टेडियम में पांच और रायपुर में दो घरेलू मैच रख सकती है। नवी मुंबई में मैच आयोजित कराने के लिए आरसीबी को मुंबई इंडियंस से अनुमति लेनी होगी, क्योंकि आईपीएल के नियमों के मुताबिक, एक शहर में दो टीमों के मैच आयोजित नहीं हो सकते हैं। आरसीबी के मालिक इसलिए भी बेंगलुरु के मैदान पर अधिक जोर नहीं देंगे क्योंकि नये कानून के अनुसार अगर कोई घटना होती है तो उन्हें जिम्मेदार माना जाएगा। आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होने वाली है और फाइनल मुकाबला 31 मई को आयोजित होगा।

# फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रियाएं




**मुंबई (एजेंसी)** ● फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर को हर तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक बार फिर रानी अपने लोकप्रिय किरदार शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में नजर आ रही हैं, जो एक निडर और साहसी पुलिस अधिकारी हैं। इस बार कहानी 93 लापता लड़कियों को बचाने की जंग पर केंद्रित है, जिसमें शिवानी समय के खिलाफ दौड़ लगाते हुए अपनी जान तक जोखिम में डाल देती हैं। यश राज फिल्म्स की इस फिल्म के ट्रेलर को मिल रहे अपार प्यार पर प्रतिक्रिया देते हुए रानी मुखर्जी ने इसे अपने लिए बेहद भावुक पल बताया। उन्होंने कहा कि शिवानी शिवाजी रॉय ऐसा किरदार नहीं है जिसे वह कैमरा कट होते ही भूल जाएं। रानी के मुताबिक, इस किरदार के जरिए उन्होंने सेवा, साहस और जिम्मेदारी का असली अर्थ समझा है। उन्होंने यह भी कहा कि साहस अक्सर अकेला होता है और यही बात इस किरदार को और भी खास बनाती है।

## इंडोनेशिया मास्टर्स में सिंधु ने की जीत से शुरुआत

**जकार्ता (एजेंसी)** ●पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते दूसरे दौर में प्रवेश किया है। वहीं अन्य खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा है। सिंधु ने महिला एकल के पहले दौर में जापान की मनामी सुइजू को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 22-20, 21-18 से हराया। 53 मिनट तक चले इस मैच का पहला गेम जीतकर सिंधु ने बढ़त हासिल की । इसके बाद दूसरे गेम में भी सिंधु ने ये सिलसिला बनाये रखा। दूसरे दौर में सिंधु का मुकाबला डेनमार्क की लाइन केयर्सफील्ड और चीनी की हान कियाशी के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। वहीं पुरुष एकल में श्रीकांत को भी काफी पसीना बहाना पड़ा। श्रीकांत ने जापान के कोकी वतनाबे (जापान) को 21-15, 21-23, 24-22 से हराया। यह मुकाबला 1 से अधिक समय तक चला। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच काफी कड़ा मुकाबला हुआ पर अंत में श्रीकांत ने बाजी मार ली। अब श्रीकांत का मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा। तिएन ने एक अन्य मुकाबले में आयरलैंड के न्हाट गुयेन को 21-14, 21-15 से पराजित किया।

## हर प्रारुप के लिए अलग-अलग कोच रखा जाये - उथप्पा



**मुंबई (एजेंसी)** ● पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि भारतीय टीम के लिए अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग कोच बनाये जाने चाहिये। उथप्पा के अनुसार एक ही कोच के लिए हर सीरीज के बाद अपने माइंडसेट को बदलना आसन नहीं होता है। साथ ही कहा कि आजकल इतना क्रिकेट हो रहा है कि एक कोच मानसिक रुप से थक जाता है। कोच को हर प्रारुप के अनुसारन रणनीति बदलनी पड़ी है और ये काफी कठिन काम होता है। जिस प्रकार से भारतीय टीम उन्यूज़ीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में हारी है। माना जा रहा है कि उसी को उसको देखते हुए उथप्पा ने ये बयान दिया है।

टीम की हार के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवाल उठते है। उनके कोच रहते भारतीय टीम घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद एकदिवसीय सीरीज भी हारी है। यह पहली बार था जब न्यूीलैंड टीम भारत में कोई एकदिवसीय सीरीज जीतने में सफल रही। ऐसे में उथप्पा के बयान के बाद गंभीर पर दबाव बढ़ना तय है। उथप्पा का मानना है कि एक ही कोच पर सभी प्रारुपों का बोझ डालना सही नहीं है। उथप्पा ने कहा, मैं अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग कोच रखने के विचार के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। भारत बहुत ज्यादा क्रिकेट खेलता है। एक प्रारुप से दूसरे में जाते वक्त दिमाग भी थक जाता है उन्होंने साथ ही कहा कि जब कोई कोच एक एक प्रारुप में लीन रहता है तो दूसरे की तैयारी करना कठिन हो जाता है। ऐसे में नये माइंडसेट और उर्जा की जरुरत होती है।

एसे में अलग-अलग कोच रहना फायदेमंद रहेगा।उथप्पा ने हालांकि ये भी माना है कि कि अलग-अलग कोच रखने का फैसला करना आसान फैसला नहीं होगा। इसमें सभी कोचों को एक-दूसरे के साथ तालमेल रखते हुए काम करना होगा। अगर उनमें मतभेद रहेगा तो ये टीम के लिए नुकसानदेह रहेगा।उन्होंने कहा कि लगातार संवाद, सही समय पर नेतृत्व और पीछे हटने की समझ बेहद जरूरी है। यह तभी संभव है जब सोच किसी बड़ी और मजबूत संरचना को बनाने की हो।

## क्राइम थ्रिलर 'दलदल' का रोमांचक ट्रेलर रिलीज



**मुंबई (एजेंसी)** ● प्राइम वीडियो ने अपनी नई हिंदी क्राइम थ्रिलर सीरीज़ 'दलदल' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। मुंबई की पृष्ठभूमि पर बनी दलदल की कहानी डीसीपी रीटा फरेरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका किरदार भूमि सतिश पेडनेकर निभा रही हैं। वह एक खतरनाक जांच पर निकलती हैं, जहां उन्हें एक निर्दयी सीरियल किलर का पीछा करना होता है। विश धामिजा की बेस्टसेलिंग किताब भिंडी बाज़ार पर आधारित, दलदल को अमृत राज गुप्ता ने डायरेक्ट किया है और विक्रम मल्होत्रा और सुरेश त्रिवेणी ने प्रोड्यूस किया है। एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की यह सीरीज़ सुरेश त्रिवेनी ने बनाई है और इसे श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूज़ा और प्रिया सग्गी ने लिखा है, जिसके दमदार डायलॉग सुरेश त्रिवेनी और हुसैन हैदरी ने लिखे हैं। भूमि सतिश पेडनेकर के साथ इस सीरीज़ में समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। दलदल का प्रीमियर 30 जनवरी को प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से किया जाएगा। दलदल में डीसीपी रीटा फरेरा की भूमिका निभा रहीं भूमि सतिश पेडनेकर ने कहा कि रीटा फरेरा का किरदार निभाना मेरे करियर के सबसे गहन और रचनात्मक रूप से संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है। वह एक ऐसी महिला है, जिसे महत्वाकांक्षा ने बनाया है, संदेह ने घेरा है और अतीत का बोझ आज भी उसे दबाए हुए है। एक ऐसा किरदार, जिसने मुझसे नाजुकता और ताकत के बीच के संतुलन को उन तरीकों से तलाशने की मांग की, जैसा मैंने पहले कभी नहीं किया था।

# उज्जैन संभाग

## 21 हजार लीटर शराब पर चली जेसीबी; आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●21 हजार लीटर से अधिक शराब देशी शराब पर बुल्डोजर चलाई गई। 94.72 लाख रुपए कीमत की यह शराब लंबे समय से वेयर हाउस में रखी थी। नोडल अधिकारी मुकेश रंधावा ने बताया कि आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश के तराना, उज्जैन, खाचरौद, महिदपुर और बड़नगर स्थित देशी मदिरा वेयरहाउस में काफी समय से रखे पुराने एवं अनुपयोगी स्टॉक को नष्ट करने की अनुमति दी थी। मंगलवार दोपहर में समिति के समक्ष एमआर-5 मक्सी रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 2 हजार 367.86 पेटियों में रखी 21 हजार 310.74 बल्क लीटर पुरानी एवं अनुपयोगी देशी मदिरा पर जेसीबी चलाकर नष्ट कर दिया गया। समिति की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजेश बोरासी ने की। जबकि सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन को समिति सचिव बनाया गया। समिति में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश रंधावा, ममता भवेल, विजय मेढ़ा, जितेंद्र सिंह भदौरिया, संजय कुमार जैन एवं हिमांशु अग्रवाल, आबकारी उपनिरीक्षक सहित मेसर्स एसोसिएटेड एल्कोहल्स एंड ब्रेवरीज, खोड़ीग्राम बड़वाह जिला खरगोन के अधिकृत प्रतिनिधि शामिल रहे।




## एसआईआर में मैपिंग नहीं करवा पाए 48142 मतदाता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● एसआईआर में मैपिंग नहीं करवा पाए 48142 मतदाताओं में से 40450 को सुनवाई के लिए नोटिस जारी कर इनमें से 14064 की सुनवाई भी पूरी कर ली है। इस बीच मैपिंग वाले 2.53 लाख से अधिक ऐसे मतदाता भी सामने आए हैं, जिनके नाम-उम्र व जेंडर में गलतियां है। या फिर एक ही परिवार में 6 से अधिक सदस्य दर्ज है। इन्हें सूचना पत्र जारी कर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करवाते हुए हाथोहाथ ऑनलाइन डाटा में सुधार किया जा रहा है। 21 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन होगा। जिले में 15 लाख 96 हजार 103 मतदाताओं की मैपिंग का लक्ष्य था। इनमें से 48 हजार 142 मतदाताओं की किन्हीं कारणों के चलते मैपिंग नहीं हो पाई हैं। लिहाजा इन्हें निर्वाचन कार्यालय की तरफ से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि जिलेभर में सुनवाई का ये दौर 14 फरवरी तक चलेगा। 17 हजार से अधिक नए मतदाताओं के आवेदन 6 मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अब तक फार्म नंबर 6 के कुल 17080 आवेदन आए है। 6 मतदाता सूची से नाम कटवाने के फार्म नंबर 7 के अब तक 1005 आवेदन आए हैं। 6 इनके अलावा नाम-पत्ते में संशोधन के लिए फार्म नंबर 8 के आवेदन अब तक 9366 आए हैं। 6 इस प्रक्रिया में 22 जनवरी तक दावे-आपत्ति लिए जाएंगे।



## हरिफाटक ब्रिज की फोरलेन भुजा के लिए भूमि पूजन 25 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● हरिफाटक ब्रिज की नई फोरलेन भुजा के लिए 25 जनवरी को भूमि पूजन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भूमि पूजन करेंगे। नई फोरलेन भुजा का निर्माण एमपीआरडीसी करवाएगी। इसके संभागीय प्रबंधक विजय सिंह ने बताया कि नई फोरलेन भुजा का निर्माण पुलिस चौकी से इंटरप्रिटेशन सेंटर तक के टू-लेन ?ब्रिज के पेरेलल होगा। इसकी लंबाई करीब 980 मीटर रहेगी। प्रोजेक्ट की कुल लागत 371 करोड़ रुपए है। इसमें से प्रोजेक्ट की मुख्य कास्ट 150 करोड़ है बाकी की राशि भूमि अधिग्रहण में खर्च होना है। श्री महाकाल महालोक के शुरू होने के बाद से लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस ब्रिज का विस्तार जरूरी माना जा रहा था। सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की इस संख्या में और भी इजाफा होगा। ऐसे में इस फोरलेन बनाने का निर्णय लिया गया। निर्माण के दौरान जरूरी श्रद्धालुओं को थोड़ी बहुत परेशानी झेलना पड़ सकती है। इसे लेकर भी अधिकारियों का तर्क है कि वर्तमान वाला टू लेन ब्रिज उपयोग होता रहेगा।

## दुष्कर्म पीड़िता ने आरोपी को पीटा, रास्ते में रेप किया; शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। महिला के शोर मचाने पर लोग वहां पहुंच गए। लोगों को देखकर महिला की हिम्मत बढ़ी तो उसने आरोपी की चप्पल से पिटाई कर दी। इसके बाद लोगों ने उसे पीटा। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। घटना ग्राम ढाबला रेहवारी की है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को पीड़िता अपने नाती से मिलने उज्जैन-आगर रोड स्थित पानबिहार छात्रावास जा रही थी। इसी दौरान घट्टिया निवासी मोहम्मद शफी उर्फ शेफू मंसूरी (45) बाइक से वहां पहुंचा। उसने महिला से घट्टिया जाने का रास्ता पूछा। बातचीत के दौरान उसने महिला को पानबिहार छोड़ने की बात कही और बहला-फुसलाकर बाइक पर बैठा लिया। आरोप है कि आरोपी महिला को पानबिहार ले जाने के बजाय ग्राम ढाबला रेहवारी के पास साहेबखेड़ी तालाब किनारे ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद घट्टिया थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान आरोपी भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और महिला ने आरोपी की पिटाई की।

**बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन-** मामले की जानकारी मिलने पर बजरंग दल सहित कुछ संगठनों के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर थाने का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात किया।

**एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज-** घट्टिया थाना पुलिस ने आरोपी मोहम्मद शफी के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 351(3) सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है।



## जिला अस्पताल की लिफ्टों को जल्द चालू करवाया जाए- सीएमएचओ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● जिला अस्पताल चरक भवन की सीवरेज लाइन को दुरुस्त करवाने एवं लिफ्ट के संचालन के लिए सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा मंगलवार को चरक भवन का निरीक्षण किया।

उन्होंने सीवरेज लाइन को सुधारने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय कर जल्द दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने इस दौरान लिफ्टों का अवलोकन किया और जो लिफ्ट बंद थी। उन्हें मरम्मत कर शीघ्र चालू करवाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक दवाइयां वितरित करने की निर्देश दिए।

न्यूज ब्रीफ

## 26 जनवरी पर देशभर में बड़े आंतकी हमले का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के खास मौके पर देश के अलग-अलग शहरों में बड़े आंतकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के अनुसार आतंकी देश के बड़े मंदिर और दिल्ली समते कई बड़े शहरों को निशाना बनाने की तैयारी में हैं। दिल्ली में इस अलर्ट को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता कर दिया गया है। खुफिया एजेंसियों ने आतंकियों के कोड नेम का भी खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि आतंकी अपने मंसूबे को अंजाम देने के लिए एक खास तरह के कोड वर्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये कोड वर्ड 26-26 है। इसका आखिर मतलब क्या है इसका भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इंटेलिजेंस एजेंसियों को इनपुट मिला है की आतंकी देश के कई हिस्सों में 26 जनवरी से पहले बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने की फिराक में है। जिसे कोड नेम- 26-26 दिया गया है। इस सीक्रेट कोड 26-26 का मकसद है 26 जनवरी और उससे पहले बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देना।

## विजयवर्गीय गणतंत्र दिवस पर नहीं करेंगे झंडावंदन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● हमेशा सक्रिय रहने वाले प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय न तो इस बार भोजशाला में धार की कमान संभालेंगे और न ही गणतंत्र दिवस पर वे झंडावंदन करने जाएंगे। वे दस दिन के अवकाश पर है। अपने पारिवारिक सदस्य के निधन के कारण वे दस दिन किसी भी आयोजन में शामिल नहीं होंगे।सामान्य प्रशासन विभाग से मंत्रियों की जिलों में ध्वजारोहण की जानकारी वाली सूची में विजयवर्गीय का नाम नहीं है। उनके प्रभार वाले जिले धार और सतना में इस बार कलेक्टर झंडा फहराएंगे। विजयवर्गीय ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि वे दस दिन के अवकाश पर है, लेकिन इसकी आधिकारिक तौर पर वजह उन्होंने नहीं बताई। उधर विजयवर्गीय के कार्यालय से निजी सचिव ने एक पत्र भी जारी किया है।

# सीएम मोहन यादव का अहम फैसला, क्या घटेगा कैलाश विजयवर्गीय का कद?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार ऐसा फैसला लेने जा रही है जिसका सीधा असर कैलाश विजयवर्गीय के काम और उनकी जिम्मेदारियों पर पड़ेगा। ये ऐसा फैसला है जिसे सुनकर शायद आप भी यही सवाल करेंगे कि क्या प्रदेश में अब कैलाश विजयवर्गीय का कद घटाने की तैयारी है। पिछले कुछ दिनों से विजयवर्गीय लगातार खबरों में बने हुए हैं। कभी सीएम मोहन यादव से सीधे मनमुटाव की खबरों के चलते तो कभी इंदौर के भागीरथपुरा कांड के चलते। अब नया फैसला फिर उनकी ही ओर इशारा कर रहा है। एक तरफ माना जा रहा है कि विजयवर्गीय का कद घट सकता है। दूसरी ओर किसी ऐसे नेता की किस्मत खुल सकती है जो अब तक कोई अहम जिम्मेदारी मिलने की बाट जोह रहे हैं। मुख्य सचेतक को राजनीति की भाषा में चीफ व्हीप भी बोला जाता है। न्यूज से जुड़े रहते हैं तो ये शब्द आपके लिए एकदम नया नहीं होगा। हां इसका मतलब आपको जरूर जान लेना चाहिए कि सचेतक या मुख्य सचेतक विधानसभा में क्या काम करता है।

सबसे पहले तो ये समझ लीजिए कि मुख्य सचेतक ऐसा कोई पद नहीं है जिसका एक्सप्लेनेशन आपको संविधान या राजनीति कि किसी किताब में मिल जाए। उसके बाद भी ये एक अहम पद होता है। अक्सर जब विधानसभा में कोई अहम कार्यवाही होती है तब पार्टी अपने अपने व्हीप नियुक्त करती है। इसे हर सदन के दौरान स्थाई व्यवस्था भी बनाया जा सकता है। उत्तरप्रदेश, राजस्थान,



हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे प्रदेशों में विधानसभा में सचेतक बनाने का दस्तूर पुराना रहा है। मध्यप्रदेश के संदर्भ में ये नियुक्ति कभी सुनाई नहीं दी है।

सचेतक को हम पार्टी का फ्लोर मैनेजर भी कह सकते हैं। जो सदन के दौरान पार्टी के सदस्यों के बीच ही डिसिप्लीन बनाए रखता है। उन्हें समय-समय पर पार्टी लाइन की जानकारी देता है। अब मान लीजिए कि सदन में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाता है। उस वक्त सत्ताधारी दल के सारे विधायकों को एकजुट रखने का काम, कब किसे क्या बयान देना है। किस तरह वोट करना है। इन सबका जिम्मा सचेतक ही संभालते हैं। ये तो खैर गंभीर मसला है।

सदन की आम दिनों की कार्यवाही के दौरान भी विधायकों के बीच अनुशासन बनाए रखना। सचेतक का ही काम होता है। बतौर संसदीय कार्य मंत्री खुद कैलाश विजयवर्गीय ये जिम्मेदारी संभालते हैं। वो मीडिया और सरकार के बीच भी एक ब्रिज की तरह काम करते हैं। कैबिनेट ब्रीफिंग की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होती है, लेकिन सचेतक बनने के बाद उनका ये काम कम हो जाएगा। क्योंकि सदन में सचेतक ज्यादा अहम भूमिका में नजर आएगा।

### साइडलाइन विधायक की चमक सकती है किस्मत

ये सुनकर आपको ये अंदाजा भी हो ही गया होगा कि इस जिम्मेदारी को संभालना किसी नए नवेले या जूनियर विधायक के बस की बात नहीं है। ये काम भी किसी ऐसे ही विधायक को सौंपा जाएगा जो कैलाश विजयवर्गीय की तरह कई चुनाव जीतने के बाद तजुर्बेकार विधायक या सीनियर विधायक की फेहरिस्त में शामिल हो चुका हो। भूपेंद्र सिंह, गोपाल भार्गव और अजय विश्नोई जैसे नाम इस रेस में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। जिस भी विधायक को सचेतक का पद मिलता है। उसे मंत्री दर्जा भी मिलेगा ही। यानी किसी पुराने साइडलाइन विधायक की किस्मत चमक सकती है और कैलाश विजयवर्गीय के रसूख पर उसका असर पड़ सकता है। वैसे तो मोहन सरकार की तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है। पर, अंदर की खबर ये है कि सचेतक नियुक्त करने का प्रस्ताव तकरीबन तय है। उसकी मंजूरी मिली तो प्रदेश विधानसभा में बीजेपी को सचेतक मिलने में देर नहीं लगेगी।

### कैलाश विजयवर्गीय का अधिकार क्षेत्र घटेगा!

मध्यप्रदेश सरकार बहुत जल्दी विधानसभा में मुख्य सचेतक की नियुक्ति का फैसला ले सकती है। ये ऐसा फैसला होगा जिससे सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले नेता कैलाश विजयवर्गीय ही होंगे। कैलाश विजयवर्गीय के पास संसदीय कार्य मंत्री का जिम्मा है। जिसे वो बखूबी संभाल भी रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से जो खबरें लगातार आ रही हैं। वो उनकी दुश्मन बन गई हैं। कैबिनेट की बैठक हो या फिर इंदौर का भागीरथपुरा कांड। दोनों ही मामलों में कैलाश विजयवर्गीय के हाथ निगेटिव पब्लिसिटी के अलावा कुछ नहीं लगा है। उनके तेवर से सीएम मोहन यादव भी नाखुश ही बताए जाते हैं। ऐसे में मुख्य सचेतक की नियुक्ति से उनका अधिकार क्षेत्र घटेगा। आम बोलचाल की भाषा में कहें तो वो सिर्फ नाम के संसदीय कार्य मंत्री रह जाएंगे। विधानसभा में असल काम मुख्य सचेतक का ही होगा।

# भागीरथपुरा कांड के बाद नजर आए सांसद शंकर लालवानी, लड्डू खाए और खिलाए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर भागीरथपुरा में दूषित पानी से अभी तक 25 लोगों की मौत हो गई है, और 450 पीड़ित अस्पताल में भर्ती हुए। इस जगह से बीजेपी नेताओं ने दूरी बनाकर रखी। मौके पर केवल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव नजर आए। बाकी स्थानीय बीजेपी नेताओं ने इस एरिया से दूरी बनाए रखी। इसमें एक नाम सांसद शंकर लालवानी का भी था। वो इंदौर में ही कम दिखे, लेकिन अब वो नजर आए हैं।



सांसद शंकर लालवानी 20 जनवरी को बीजेपी दफ्तर में नजर आए। इस दिन बीजेपी को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के रूप में मिला था। इसी खुशी में इंदौर बीजेपी दफ्तर पर आतिशबाजी की गई और लड्डू का वितरण हुआ। इसी आयोजन में सांसद शंकर लालवानी भी शामिल हुए और लड्डू खाए और कार्यकर्ताओं को भी खिलाए। इस उत्सव में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा व अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए थे। सांसद इसके पहले 18 जनवरी को इंदौर में हुए टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के वनडे मैच के दौरान भी होलकर स्टेडियम में दिखे थे। यहां पर अपने बेटे मीत लालवानी के साथ पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र और एमपीसीए के प्रेसिडेंट महानआर्यमन ने वीवीआईपी व्यवस्था में मैच का आनंद लिया था। लालवानी एक और मौके पर नजर आए थे। जब वह 17 जनवरी को राहुल गांधी के इंदौर दौरे के दौरान विरोध प्रदर्शन में पहुंचे। भाजपा नेताओं के साथ एयरपोर्ट कॉलोनी नगर पहुंचे थे। यहां पर राहुल गांधी और विधायक फूल सिंह बरैया का पुतला जलाया गया था। इस प्रदर्शन में लालवानी भी थोड़ी देर के लिए शामिल हुए थे। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ा था इसके पहले भी चार-पांच मौत हो चुकी थी। फिर मौत लगातार जारी रही। अभी तक 25 मौत हो चुकी है। इस घटना के स्थानीय नेताओं विधायकों ने भागीरथपुरा जाने से कन्नी काटी और इंदौर सांसद भी इस पर नजर नहीं आए थे। हालांकि, सांसद ने बयान दिया था कि वह भागीरथपुरा गए थे। लेकिन कोई फोटो वगैरा नहीं डाली थी क्योंकि घटना दुखद थी।

### कर्नल सोफिया कुरेशी पर अनर्गल टिप्पणी करने पर

# कांग्रेस कमेटी द्वारा विजय शाह का पोस्टर लेकर चौराहों चौराहों पर चलाया जन जागरण अभियान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कैबिनेट मंत्री विजय शाह को सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरेशी के संबंध में अनर्गल टिप्पणी करने पर कोर्ट ने मुकदमा चलाने के लिए दिए प्रदेश सरकार को निर्देश इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विजय शाह का पोस्टर लेकर चौराहों चौराहों पर चलाया जन जागरण अभियान त्यागपत्र दे। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट ने मप्र की सरकार को निर्देशित किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरेशी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी के लिए मंत्री विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर दो सप्ताह के अंदर फैसले के लिए कहा है इसी को लेकर आज इंदौर




शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मंत्री शाह से इस्तीफे की मांग को लेकर छोटी ग्वालटोली छत्रीपुरा, छत्रीबाग, यशवंत रोड सहित अन्य स्थानों एवं चौराहों पर मंत्री शाह के हाथों में पोस्टर लेकर इस्तीफा की मांग को लेकर जगह-जगह जन जागरण अभियान चलाया गया और नारे लगाए गए विजय शाह इस्तीफा दो इस्तीफा दो विजय शाह हाय हाय मंत्री विजय शाह को तत्काल प्रदेश के मुख्यमंत्री मंत्री मंडल से बर्खास्त करें और उनका त्याग पत्र ले वही हाथों में विजय शाह के पोस्टरों के अलावा स्व राजीव गांधी, श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी के पोस्टर भी हाथों में लिए हुए थे। यादव ने कहा है कि विजय शाह ने 11 मई 2025 को इंदौर के अंबेडकर नगर के रायकुंड गांव में एक सभा के दौरान सेना की कर्नल सोफिया कुरेशी को कथित तौर पर आतंकवादियों की बहन बता दिया था 14 मई को हाई कोर्ट में विजय शाह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा था उसी दिन मानपुर थाने में विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

# गले की हड्डी बना कुमेड़ी आईएसबीटी तो नायता मुंडला को एआईसीटीएसएल भी नहीं चला पाया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एक तरफ जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलती, तो दूसरी तरफ फिजुल के कार्यों पर करोड़ों रुपए सरकारी विभागों द्वारा खर्च किए जाते हैं। नगर निगम जहां सौंदर्यीकरण से लेकर प्रतिमाओं को लगाने सहित कई फैंसी कार्यों पर पैसा खर्च करता है तो इंदौर विकास प्राधिकरण में काबिज रहे राजनीतिक बोर्ड ने राजवाड़ा की प्रतिकृति बनवाने से लेकर शहीद पार्क और यहां तक की जो बस टर्मिनल बनवाए उसका ही संचालन ठीक तरीके से नहीं हो पा रहा है। नायता मूंडला बस टर्मिनल को अब एआईसीटीएसएल ठेके पर देने को जुटा है, तो खुद प्राधिकरण योग्य ठेकेदार की तलाश में जुटा है। चार बार टेंडर बुलाए, मगर कोई भी एजेंसी संचालन के लिए नहीं मिल सकी।

150 करोड़ रुपए के ये दोनों प्रोजेक्ट हालांकि जनता के लिए लाभदायक साबित होते और बसों का संचालन व्यवस्थित तरीके से हो सकता था। मगर समस्या यह है कि इन बस टर्मिनलों का संचालन कौन करे। प्राधिकरण ने तो इनका निर्माण करवा दिया और करोड़ों रुपए की राशि खर्च भी कर दी। मगर प्राधिकरण तो बस टर्मिनल चला नहीं सकता, इसलिए उसने नायतामूंडला का बस टर्मिनल एआईसीटीएसएल को पिछले साल सौंप दिया था। हालांकि अभी भी बसें यहां से संचालित की जा रही है, मगर एआईसीटीएसएल भी चलाने में असफल रहा, जिसके चलते अब ठेके पर दिए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

25 साल के लिए ठेके पर देने का टेंडर भी जारी कर दिया है। दूसरी तरफ कुमेर्डी, एमआर-10 पर जो 110 करोड़ का एयरपोर्ट की तर्ज पर विशाल आईएसबीटी निर्मित किया है वह पिछले 6 माह से संचालन शुरू ना होने के चलते बंद ही पड़ा है। चार मर्तबा प्राधिकरण ठेकेदार की तलाश में टेंडर निकाल चुका है और शर्तों में भी संशोधन कर दिया। अब पांचवीं बार भी टेंडर जारी करने की तैयारी है। दूसरी तरफ प्रदेश सरकार जो सरकारी बस सेवा शुरू करने जा रही है उसके द्वारा भी इन दोनों बस टर्मिनल का इस्तेमाल किया जा सकता है। वैसे भी एआईसीटीएसएल सरकारी कम्पनी के अधीन ही आ गया है और परिवहन विभाग का ही उस पर नियंत्रण रहेगा, जिसके चलते शासन ने एआईसीटीएसएल के निदेशक मंडल का पुनर्गठन भी किया है और प्रबंध संचालक ही बोर्ड के अध्यक्ष रहेंगे। अभी तक एआईसीटीएसएल शहर में सिटी बसों सहित कुछ अन्य रुटों पर भी संचालन करता था, मगर अब पूरे इंदौर संभाग में बसें चलाएगा।

### सायबर फ्रॉड से बचनें के लिए पुलिस नें किये नये प्रयोग

# सभी थानो को स्मार्ट थाना बनाने के लिए पुलिस कर्मियों को सायबर ट्रेनिंग दि जा रही है

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कमिश्नर संतोष सिंह द्वारा सायबर फ्रॉड से बचने के लिए नए नए प्रयोग किए जा रहे है वही अब पुलिस कमिश्नर द्वारा कमिश्नरेट में आने वाले थानों को स्मार्ट बनाने के लिए सभी थाने के पुलिसकर्मियों को सायबर ट्रेनिंग दी जा रही है जिसका शुभारंभ पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह द्वारा बुधवार को पलासिया स्थित कार्यालय के सभागार में किया गया ।

दरअसल इन दिनों सायबर फ्रॉड की घटना इंदौर शहर में लगातार बढ़ती ही जा रही है जिसको लेकर पुलिस द्वारा समय समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है सायबर फ्रॉड से बचने के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह द्वारा नया नवाचार किया जा रहा है इस नवाचार में पुलिस कमिश्नर द्वारा नए साल में प्रत्येक थाने में एक सायबर डेस्क बनाया जा रहा है इस डेस्क में जो भी व्यक्ति सायबर क्राइम की सूचना देने आयेगा उसकी तुरंत बात सुनी जाएगी और एफआईआर की जाएगी इसी के साथ तुरंत ऑनलाइन 30 सीआरपी पोर्टल पर तुरंत फोन करके जो राशि ब्लॉक करने की कार्यवाही की कराई जाएगी । वही इस ट्रेनिंग में 75 पार्टिसिपेट है जिसको पूरे दिन में 6 सेगमेंट में इस ट्रेनिंग को दिया जाएगा । जिसमें विभागीय अधिकारियों के साथ बाहर से भी सायबर एक्सपर्ट को बुलाया गया है वही आने वाले दिनो में कमिश्नरेट में आने वाले इंदौर शहर के थानों में साइबर डेस्क पूरा समय चालू किया जा रहा है । जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है जिसमें आज से थाना स्तर के अधिकारियों को ट्रेनिंग देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ।

# माहेश्वरी कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव झालानी पद पर बने रहेंगे, हाईकोर्ट ने दी राहत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● माहेश्वरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार झालानी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय ने कॉलेज प्रबंधन द्वारा जारी किए गए उनके निलंबन आदेश पर स्टे (रोक) लगा दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए प्रबंधन की कार्रवाई को खारिज कर दिया और डॉ. झालानी को तत्काल प्रभाव से महाविद्यालय में अपना पदभार पुन: ग्रहण करने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार, माहेश्वरी कॉलेज में पिछले कुछ समय से आंतरिक कलह की स्थिति बनी हुई थी। कॉलेज प्रबंधन और स्टाफ के बीच विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों को लेकर विवाद चल रहा था। इसी



विवाद के केंद्र में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार झालानी भी थे। प्रबंधन और प्राचार्य के बीच चल रही इस रस्साकशी के चलते प्रबंधन ने सख्त कदम उठाते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था।

प्रबंधन द्वारा की गई निलंबन की कार्रवाई के खिलाफ डॉ. झालानी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने प्रबंधन के फैसले को अनुचित मानते हुए उसे सिरे से खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया कि निलंबन पर तुरंत रोक लगाई जाए और प्राचार्य को वापस उनकी जिम्मेदारियां सौंपी जाएं।

कोर्ट के इस फैसले के बाद अब डॉ. राजीव कुमार झालानी कॉलेज में अपनी सेवाएं जारी रख सकेंगे। न्यायालय ने उन्हें 'तुरंत प्रभाव' से ज्वाइन करने का निर्देश दिया है। यह फैसला कॉलेज प्रबंधन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, जबकि प्राचार्य और उनके समर्थक स्टाफ सदस्यों के लिए यह एक बड़ी जीत है। इस आदेश के बाद कॉलेज में प्रशासनिक समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है।

# नियमों का उल्लंघन करने वाले 243 उद्योगों पर कसा शिकंजा, सात दिन में देना है जवाब

### हाईकोर्ट की सख्ती के बाद प्रदूषण बोर्ड की कार्रवाई, बिजली कनेक्शन कटेंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● उच्च न्यायालय के कड़े निर्देशों के बाद मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इंदौर जिले में नियमों का उल्लंघन कर रहे उद्योगों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड ने जिले की 243 औद्योगिक इकाइयों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। जांच में सामने आया है कि इन उद्योगों के पास न तो संचालन की वैध अनुमति है और न ही ये प्रदूषण नियंत्रण के तय मानकों का पालन कर रहे हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई केवल नोटिस तक सीमित नहीं रहेगी। नियमों की अनदेखी करने वाले उद्योगों के बिजली कनेक्शन काटकर उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इंदौर क्षेत्रीय अधिकारी सतीश चौकसे ने कार्रवाई




की पुष्टि करते हुए पीपुल्स समाचार को बताया कि 243 उद्योगों को चिह्नित कर नोटिस भेजे जा चुके हैं। उन्होंने माना कि कई इकाइयां लंबे समय से बिना अनुमति के संचालित हो रही थीं। इन सभी डिफॉल्टर उद्योगों की सूची बिजली वितरण कंपनी को सौंप दी गई है, ताकि बिजली आपूर्ति बंद की जा सके। कोर्ट में पेश आंकड़ों के अनुसार इंदौर जिले में कुल 5961 पंजीकृत उद्योग हैं, जिनमें से करीब 1000 से अधिक उद्योग प्रदूषण विभाग की आवश्यक सहमति के बिना संचालित पाए गए थे। उल्लेखनीय है कि प्रशासनिक लापरवाही और उद्योगों की मनमानी को लेकर अब कानूनी शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इस मामले की अगली सुनवाई हाईकोर्ट में 9 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय के समक्ष जवाब पेश करेंगे। शहर के कई इलाकों जहां पर उद्योगों की संख्या अधिक है, वहां पर भूमिगत जल ही प्रदूषित हो गया है। पोलोग्राउंड, सांवेर रोड, कुमेड़ी इलाकों में पानी पूरी तरह से दूषित हो चुका है, जिससे परेशानी बढ़ गई है। लोग लगातार कार्रवाई करने की मांग करते हैं, फिर भी उद्योग संचालक नियमों का पालन नहीं कर पा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।